Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 161 | शुक्रवार, 13 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

● कुल सवार यात्रियों में 169 भारतीय लोग थे

● 230 यात्रियों से भरा विमान हांस्टल पर जा गिरा

अहमदाबाद विमान हादसें में अब तक 265 लोगों की मौत

दर्दनाक

नई दिल्ली। गुरुवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इस हादसे में विमान में सवार सभी 265 लोगों की मौत हो गई है। जबकि चमत्कारिक रूप से एक यात्री के बचने की खबर है। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनका नाम रमेश विश्वस कुमार बताया जा रहा है। वे 11अ सीट पर सफर कर रहे थे। यह जंकारी अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने दी है। इस विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। विमान में 242 पैसेंजर सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है। ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान ऊठअ टेस्ट के बाद ही संभव होगी। स्वास्थ्य प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी के अनुसार अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजनों की पहचान के लिए उनके डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के कसोटी भवन में डीएनए सैंपल देने की व्यवस्था की गई है। मृतक के करीबी रिश्तेदार (माता-पिता या बच्चे) डीएनए सैंपल दे सकेंगे। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के कसोटी भवन में यह डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की गई है। यह कसोटी भवन बी.जे. मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखे पोस्ट में अपनी संवेदना प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संकट इस घड़ी में वे सभी संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों के साथ संपर्क में है और बचाव व राहत कार्यों के साथ-साथ पीड़ित परिवारों की सहायता के उठाए जा रहे कदमों की खुद निगरानी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद अमित शाह अहमदाबाद पहुंचे और वहां राहत व बचाव में लगे एजेंसियों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी संभाल ली। अमित शाह गुजरात की राजधानी गांधीनगर से सांसद हैं। प्रधानमंत्री के निर्देश पर राममोहन नायडु भी अहमदाबाद पहुंच गए। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर छोड़कर उनका निजी स्टाफ निकलने ही वाला था कि अचानक खबर मिली की एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उनका निजी सुरक्षा अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचा और विमान के मलबे से निकल रहे हर एक शव को देख अपने साहब की पहचान करने की कोशिश करते नजर आया। जो शव मलबे से निकल रहे थे, वे जले हुए थे। गौरतलब है कि विजय रूपाणी भी इसी विमान में सवार होकर लंदन जा रहे थे।

01
करोंड़ राशि मृतक के परिजनों को टाटा समूह देगा

06
सौ 25 फीट की ऊंचाई से गिरा विमान

08
टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए जुटीं

हादसे में बचा व्यक्ति

37 साल पहले भी अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 पर हुआ था हादसा,133 लोगों की हुई थी मौत

अहमदाबाद।

लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट का रनवे-23 एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। दुर्घटनाग्रस्त विमान ने इसी रनवे से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। इस घटना ने 1988 में हुए एक अन्य विमान हादसे की याद दिला दी। अहमदाबाद में 1988 के बाद यह दूसरा बड़ा हादसा है। दोनों घटनाएं रनवे-23 से ही जुड़ी हुई हैं। 19 अक्टूबर 1988 को मुंबई से अहमदाबाद आ रहा इंडियन एअरलाइंस का विमान इसी रनवे पर उतरने से पहले हादसे का शिकार हो गया था। इस विमान में 139 यात्री सवार थे, जिसमें से 133 की मौत हो गई थी। गुरुवार को लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान ने भी रनवे-23 से ही उड़ान भरी थी। 1988 की घटना की जांच में पाया गया था कि पायलटों की गलती के कारण विमान 500 फीट की न्यूनतम ऊंचाई से नीचे आ गया था। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पायलटों को रनवे को देखने में समस्या हुई और उन्होंने एयरपोर्ट के पास पहुंचने के प्रयास में विमान की ऊंचाई को खो दिया। हालांकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को हुए हादसे पर अभी कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन 1988 के हादसे की जांच में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि हादसे का शिकार हुआ विमान चिलोड़ा कोटरपुर गांव के पास पेड़ों और उच्च क्षमता के बिजली के खंभों से टकराया था।

दुख जताया

इस त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। इस दुखद घड़ी में मेंरी संवेदनाएं हादसे से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मंत्री और अधिकारी प्रभावितों की मदद में लगातार जुटे हुए है -पीएम नरेंद्र मोदी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और हादसे के शिकार अन्य यात्रियों एवं चालक दल के सदस्यों का निधन अत्यंत दु:खद एंव हृदय विदारक है सरकार पीड़ितो के साथ है।
- सीएम योगी



विमान हादसें ने पूरे देश को हिला के रख दिया है मृतक लोगों के परिवारों का बुरा हाल है मै भी बहुत दुखी हूं इस हासे को देखकर हमारी सरकार पीड़ित लोगों के साथ है
- गृह मंत्री अमित शाह

पूरा परिवार हादसे में खत्म

संपादक की कलम से

सर्वदलीय बैठक जरूरी

जो भारत–दूत देश की नीतियों और सोच, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प प्रस्तुत करने विदेश गए थे, वे स्वदेश लौट आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे मुलाकात की और उनके अनुभवों को सुना। यह मुलाकात और संवाद ही लोकतंत्र की सच्ची विविधता है। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद, पूर्व विदेश मंत्रियों के अलावा, वरिष्ठ राजनयिक भी विदेशों में भेजे गए थे। उन्हें भारतदूत का विशेषण दिया गया, क्योंकि वे विदेश में भारत के ही चेहरे थे। उनकी यही राष्ट्रीय पहचान थी। राजनीतिक पहचान गौण हो चुकी थी।

ललित शर्मा
संपादक

कुल 7 प्रतिनिधि मंडलों में 59 सांसद और राजनयिक थे, जिन्होंने 33 देशों का प्रवास किया। भारत ने यह कूटनीतिक प्रयोग पहली बार किया, जो अपनी बात रखने में कामयाब रहा। किसी भी देश ने भारत का विरोध नहीं किया। यह भी तथ्य सामने आया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से कमोबेश 100 देश ऐसे हैं, जिन्होंने भारत की तरह ही आतंकवाद का दंश झेला है। उनमें ग्लोबल साउथ के अफ्रीकी देश भी हैं, जिनका आतंकवाद शेष विश्व ने साझा नहीं किया है, लिहाजा उन्होंने आतंकवाद पर भारत का नेतृत्व स्वीकार करने की बात कही। अमरीका समेत प्रमुख यूरोपीय देशों ने भारत के पक्ष का समर्थन किया, लेकिन देश में विभिन्न टीवी चैनलों के स्तर पर अलग ही व्याख्याएं की जा रही हैं। बहरहाल बुनियादी मुद्दा पाकपरस्त आतंकवाद का था, जिसके कारण ऑपरेशन सिंदूर तक की नौबत आई। हालांकि भारत अब भी मानता है कि संघर्ष दो देशों और उनकी अवाम के बीच नहीं है। वह आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने का ऑपरेशन था। हमारे भारतदूतों ने विदेश में राजनीतिक नेतृत्व, नागरिक समाज, थिंक टैंक, उद्योग जगत के नेतृत्व और भारतीय प्रवासी समुदाय आदि से मुलाकातें कीं। संवाद और संबोधन के जरिए विदेशों को खुलासा किया गया कि आतंकियों के अड्डे और करीब 170 आतंकियों को मौत के घाट उतारना क्यों अनिवार्य था? यदि 9–10 मई की दरमियानी रात में युद्ध जैसे हालात बने, तो उसके लिए पाकिस्तान दोषी था, क्योंकि आतंकियों पर किए गए प्रहार को उसने पाकिस्तान के अस्तित्व पर हमला मान लिया और भारत के सैन्य तथा नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए। भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, नतीजतन पाकिस्तान के संवेदनशील, महत्वपूर्ण एयरबेस, रनवे, रडार एवं एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिए गए। उसके बाद कथित संघर्ष–विराम घोषित कर दिया गया। सैन्य कार्रवाई विराम को अब एक माह बीत चुका है, लेकिन विपक्ष अब भी वही सवाल रट रहा है– पहलगाम नरसंहार के आतंकी कहां फरार हो गए? वे अमरनाथ यात्रा के दौरान भी हमला कर सकते हैं! मोदी सरकार की विदेश नीति नाकाम साबित हुई, लिहाजा भारतदूत के रूप में विपक्षी सांसदों, नेताओं को विदेश भेजना पड़ा? संसद का मॉनसून सत्र अभी काफी दूर है, लिहाजा सरकार एक और बार सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला लेती? आतंकवाद के मोर्चे पर अमरीका भारत और पाकिस्तान को समान महत्व के देश मानता है, क्या भारत इस कूटनीति को उचित मानता है? क्या अमरीका के इस रवैये का भारत को उचित, राजनयिक जवाब नहीं देना चाहिए? अमरीका की केंद्रीय कमान के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा है कि कोई बाइनरी स्विच नहीं हो सकता कि यदि वाशिंगटन के नई दिल्ली से संबंध हैं, तो इस्लामाबाद के साथ रिश्ता नहीं हो सकता। जनरल का मानना है कि आईएसआईएस–खुरासान अमरीका समेत अन्य देशों के खिलाफ भी साजिश रचने वाले सक्रिय आतंकी संगठनों में से एक है। पाकिस्तान उसके खिलाफ लड़ाई में मदद करता है। बहरहाल वही घिसे–पिटे सवाल करने से न तो भारत ताकतवर होगा और न ही मोदी सरकार ढह जाएगी। बेशक कुछ सवाल इतने जरूरी हैं कि उनके जवाब मिलने चाहिए और वह सरकार ही देगी, लेकिन उतावलेपन से क्या हासिल होगा? संसद सत्र आ रहा है। विपक्ष अपने सवाल और रणनीति तैयार कर ले, लेकिन ध्यान रहे कि सवालों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

संजीव ठाकुर

बुजुर्ग वट वृक्ष का घना साया

कविता

आया जब भी वट वृक्ष का घना साया,
बुजुर्ग हाथ मेरे शीश पर हमेशा पाया।

चेहरे की सलवटे नहीं आशीष लकीरें
उनसे बच्चों का चेहरा सदा मुस्कुराया।

मैंने जब शिद्दत से उनका स्मरण किया,
जीवन को सार्थक पथ पर अपना पाया।

चेहरा मुस्कुराता उनका जब मुझे याद आया,
फिर जीवन में नही कभी भी जरा घबराया।

चलने से लेकर बढ़ने तक हर समय
मुशीबतों से मुझे उन्होंने सदा बचाया।

साथ हों कर लो उनकी सम्पूर्ण सेवा
पछताना मत फिर क्या खोया–पाया।

उनका अंश उनका अभिमान हो तुम,
अर्पित करो जो तुमने उनसे सारा पाया।

सुबह शाम प्रणाम नमन करो उन्हें,
जीवन तुमने उन्हीं से समूचा पाया।

बुजुर्ग माता–पिताओं को सदा मेरा नमन,
ईश्वर से पहले उनने जीवन मेरा बनाया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

पति की जान की दुश्मन बनती नई नवेली दुल्हनें !

एक जमाना था जब शादी के बाद दुल्हनों को ससुराल में कभी दहेज के लिए तो कभी अन्य कारणों से प्रताड़ित किया जाता था,लेकिन अब हालात विपरीत हो गए है ,अब नई नवेली दुल्हनें अपने ही सुहाग को निपटाने में लगी है ऐसी एक नही अनेक घटनाएं हो गई है ,जिनमे पत्नियों ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर या फिर खुद ही क्रूरता की हदे पार कर अपनी ही पति को मौत के घाट उतार दिया है ।हाल ही में मेघालय में राजा रघुवंशी की हत्या का खुलासा हो गया है। राजा की पत्नी सोनम ने ही अपने प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना तैयार की थी।


डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

शादी से पहले सोनम और राज के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। राज इंदौर में सोनम के पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था, जहां दोनों की मुलाकात हुई और प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। सोनम उम्र में राज से 5 साल बड़ी है। पुलिस के मुताबिक, सोनम के कहने पर राज ने राजा की हत्या की साजिश रची और भाड़े के हत्यारो को सुपारी दी गई।

राजा की पत्नी यानी सोनम रघुवंशी वारदात वाली जगह पर मौजूद थी और उन्होंने अपने पति को मरते हुए देखा ।ह्यसभी चार आरोपियों ने राजा रघुवंशी की हत्या करने की बात कबूल की है ।पहला वार विशाल उर्फ विक्की ठाकुर ने किया था ।ह्ल पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कैसे राजा रघुवंशी पर हमला किया और बाद में उसकी लाश को एक गहरी खाई में फेंक दिया। क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, तीन आरोपी विशाल, आकाश और आनंद ट्रेन से इंदौर से चले थे। वे कई ट्रेनों को बदलते हुए पहले गुवाहाटी और फिर शिलॉन्ग पहुंचे, एसीपी यादव ने बताया सोनम का प्रेमी और सह-साजिशकर्ता राज कुशवाहा इंदौर में ही रुका रहा लेकिन उसने तीनों को यात्रा खर्च के लिए 40,000-50,000 रुपये दिए गए थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राजा की हत्या के समय सोनम मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने सब कुछ देखा,इधर सोनम शिलॉन्ग पहुंच चुकी है ।अब उससे राजा की हत्या का राज उगलवाया जाएगा। सोनम को लगा था कि उसके भाड़े पर के किलर और प्रेमी राज कभी सोनम का सच सामने नहीं आने देंगे ।मगर पुलिस की मार पड़ते ही चारों आरोपियों ने न केवल अपना जुर्म कबूला, बल्कि यह भी कह दिया कि सोनम ने कैसे अपनी आंखों के सामने अपने पति को मरवाया ।मेघालय पुलिस के ह्यऑपरेशन हनीमूनह्ल ने इस साजिश की कई परतें उजागर की हैं, जिसमें सोनम की हत्या के समय मौके पर मौजूदगी, सुपारी किलरों के साथ उनकी मुलाकात, और जांच को भटकाने की कोशिशें शामिल हैं। इस मामले में कई चौंकाने वाले अपडेट्स सामने आए, जिन्होंने इस हत्याकांड की क्रूरता और साजिश की गहराई को और स्पष्ट किया है। सोनम अब भी यही दावा कर रही है कि उसे अगवा किया गया था,हालांकि पुलिस ने उसके दावे को खारिज कर दिया है ।वहीं इस मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों के कबूलनामे ने सनसनी मचा दी है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार चार आरोपियों राज कुशवाहा, आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान, और आनंद कुर्मी ने मर्डर का जुर्म स्वीकार कर लिया है ।इंदौर क्राइम ब्रांच की सहायक पुलिस आयुक्त पूनम चंद यादव ने यह जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने यह भी बताया कि हत्या के समय सोनम रघुवंशी भी वेई सॉडोंग झरने के पास मौजूद थी और उसने अपने पति राजा को मरते हुए देखा था। आरोपियों ने खुलासा किया कि सोनम ने राजा की हत्या से पहले चिल्लाकर कहा, ह्यमार दो इसे,ह्ल और हत्या के बाद राजा के शव को खाई में धक्का देने में उनकी मदद की ।सोनम ने राजा की हत्या को लूट का रूप देने की योजना बनाई थी ।वह कुछ समय तक विधवा बनकर रहना चाहती थी, फिर अपने परिवार को राज कुशवाहा से शादी के लिए मनाने की कोशिश करती। पुलिस ने 39 सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें सोनम और तीनों सुपारी किलर शिलॉन्ग और गुवाहाटी के होटलों में दिखे ।हत्या में इस्तेमाल हथियार गुवाहाटी के एक होटल के बाहर की दुकान से खरीदा गया था। सोनम और राज कुशवाहा की मुलाकात दो साल पहले हुई थी। राज, जो सोनम के भाई की टाइल कंपनी में काम करता था, सोनम को ह्यदीदीह्ल कहकर बुलाता था ताकि किसी को शक न हो, वहीं इन दोनों ने हत्या की योजना शादी के तीन दिन बाद बनाई गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना को समाज के लिए सबक बताते हुए कहा, ह्ययह बहुत दुखद है ।शादी में दो परिवारों के बीच सावधानी बरतनी चाहिए ।बच्चों को इतनी दूर भेजने पर भी विचार करना चाहिए। राजा रघुवंशी हत्याकांड ने न सिर्फ इंदौर और मेघालय, बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सोनम रघुवंशी की गिरफ्तारी और आरोपियों के कबूलनामे ने इस साजिश की क्रूरता को उजागर किया है ।मेघालय पुलिस की तेजी और साक्ष्यों ने इस मामले को लगभग सुलझा लिया है, लेकिन सोनम के पिता के दावे और सीबीआई जांच की मांग इस केस में नए मोड़ ला सकते हैं। इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है ,जिनमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की या कराई है। अप्रैल के महीने में उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या कर दी और शव को दो टुकड़ों में काटकर ट्रॉली बैग में भरकर ठिकाने लगाने की कोशिश की ।38 वर्षीय नौशाद अहमद 10 दिन पहले ही दुबई से लौटा था, मईल थाना क्षेत्र के भटौली गांव में उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक खेत में उसका शव मिला ।मेरठ के सौरभ हत्याकांड में भी ऐसा ही हुआ था ।3 मार्च को मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर दी ।उसने शव के टुकड़े करके नीले ड्रम में सीमेंट के साथ बंद कर दिया गया था,इसके बाद दोनों घूमने निकल गए,जब वे लौटे, तब इस हत्या का खुलासा हुआ। तब से मुस्कान और साहिल दोनों सलाखों के पीछे हैं ।इसी तरह मेरठ में अमित कुमार की हत्या उसकी पत्नी रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की ।हत्या को हादसा दिखाने के लिए रविता ने अमित के शव के पास सांप रख दिया और कहा कि उसकी मौत सांप के काटने से हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सच छिप न सका,जांच में पता चला कि रविता और अमरदीप ने मिलकर अमित की गला घोंटकर हत्या की थी ।वही अप्रैल माह में बिजनौर के फारूक की हत्या कर दी गई।

फारूक सऊदी में काम करता था और गांव लौटा था ।उसे पता चला कि उसकी पत्नी अमरीन का गांव के मेहरबान से प्रेम प्रसंग है। फारूक ने अमरीन की पिटाई की, जिससे नाराज होकर अमरीन ने मेहरबान के साथ मिलकर उसे मारने की साजिश रची,जिस पर मेहरबान और उसके साथी उमर ने फारूक को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।इन घटनाओं से अब पति भी डरे हुए है ।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

घरेलू हिंसा का घेरा

महिलाओं के लिए उनका घर-आंगन सबसे सुरक्षित स्थान होना चाहिए। परिवार और परिवेश में अपनों का संबल मिलना चाहिए। मान-सम्मान की रक्षा होनी चाहिए। दुखद है कि भारत ही नहीं, कमोबेश हर देश में घरेलू हिंसा का दंश महिलाओं के हिस्से है । मन और मान को ठेस पहुंचाने वाले इस बर्ताव के रंग-ढंग भले अलग हों, वैश्विक स्तर पर महिलाएं इस पीड़ा को झेल रही हैं। व्यक्तित्व और अस्तित्व को चोट पहुंचाने वाली घरेलू हिंसा महिलाओं के शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। अपनी ही देहरी के भीतर स्त्रियों के साथ होने वाला हिंसात्मक व्यवहार मानवाधिकार का भी एक संवेदनशील मुद्दा है। हमारे देश में महिलाओं की बड़ी आबादी घरेलू हिंसा झेलने को विवश है। प्रगतिशील सोच और परिवर्तन की बहुत-सी बातों के बीच मानवीय व्यवहार के इस मोर्चे पर आज भी बदलाव की प्रतीक्षा है । यही कारण है कि घरेलू हिंसा की रोकथाम और पीड़ित स्त्रियों की सुरक्षा सहयोग से जुड़े विषयों की सामाजिक पारिवारिक परिवेश में ही नहीं, न्यायिक निर्णयों में भी चर्चा होती रहती है।

आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं घर के भीतर दुर्व्यवहार और मारपीट का शिकार बनती हैं। तकनीकी तरक्की और शिक्षा के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद इस मामले में जागरूकता की कमी भी स्पष्ट दिखती है। सजग- शिक्षित महिलाएं भी अपना परिवार बचाने के लिए इस दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं करतीं । इसीलिए घरेलू हिंसा से स्त्रियों की सुरक्षा पुख्ता करने जुड़े इस पहलू पर उच्चतम न्यायालय ने सहयोगी और सजग परिवेश बनाने की बात कही। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता लाने, अधिनियम के तहत सेवाओं के प्रभावी समन्वय को सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों का मीडिया में पर्याप्त प्रचार करने और व्यापक कदम उठाने चाहिए। विशेषकर घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत निशुल्क कानूनी सहायता और सलाह के अधिकार के बारे में महिलाओं के बीच जागरूकता फैलानी चाहिए। इन निदेर्शों में शीर्ष अदालत ने यह भी जोड़ा कि अगर कोई महिला कानूनी सहायता या सलाह के लिए संपर्क करती है, तो उसे शीघ्रता से सहायता प्रदान की जाए, क्योंकि अधिनियम प्रत्येक महिला को निशुल्क कानूनी सहायता के अधिकार की गारंटी देता है। हमारे परिवारों में अधिकतर बदलाव सतही स्तर पर ही हुए हैं। मानसिकता और व्यवहार के मोर्चे पर सार्थक परिवर्तन अब तक नहीं आया। ऐसे में जागरूकता की कमी और पारिवारिक दबाव घरेलू हिंसा का घेरा कसे हुए है । पिछले वर्ष राष्ट्रीय महिला आयोग को महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 25,743 शिकायतें मिलीं थी ।इनमें सबसे अधिक 6,237 शिकायतें घरेलू हिंसा की थीं। यानी आपराधिक आंकड़ों में 24 फीसद की हिस्सेदारी घरेलू हिंसा की रही। यही वजह है कि इन शिकायतों में 'सम्मान के साथ जीने के अधिकार' की मांग वाली शिकायतें अधिक थीं, जो कुल शिकायतों का लगभग 28 फीसद हैं। इतना ही नहीं, दहेज उत्पीड़न के मामले भी 17 फीसद रहे । समझना कठिन नहीं है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में भी शुरूआत में ही कई महिलाएं शारीरिक-मानसिक हिंसा झेलती ही हैं।

विजय गर्ग

दुखद है कि शिक्षित समाज में भी रुग्ण मानसिकता वाला यह व्यवहार महिलाओं के हिस्से है। घरेलू हिंसा का दंश भी हर समुदाय और हर वर्ग में देखने को मिलता है। अपने ही घर में महिलाओं के साथ हिंसक व्यवहार करने वाले शिक्षित और अशिक्षित, हर तबके के लोग हैं। भ्रम यह भी है कि केवल घरेलू महिलाएं ऐसी हिंसा और अपमान झेलती हैं। कई कामकाजी और आत्मनिर्भर स्त्रियां भी घरेलू हिंसा झेलती हैं, क्योंकि यह बर्ताव असल में नकारात्मक और अमानवीय सोच से जुड़ा है, जिसमें परिवर्तन लाना दुष्कर कार्य बना हुआ है। स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाली सोच में बदलाव की धीमी गति को हाल ही में आए आंकड़े भी पुख्ता करते हैं। वर्ष 2025 की पहली तिमाही में राष्ट्रीय महिला आयोग में अब तक 7,698 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। शिकायतों की इस सूची में भी सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा के ही हैं। पीड़ादायक यह है कि महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, आंकड़ों में ही नहीं सहज रूप से भी सामाजिक परिवेश में इस विद्रूप व्यवहार की झलक दिख जाती है। घरेलू हिंसा का सबसे दुखद पक्ष यह कि इसे महिला की व्यक्तिगत समस्या समझा जाता है। आमतौर पर स्वजन भी यह दंश झेलती स्त्रियों का साथ नहीं देते। परिजन चुपचाप सब कुछ सहने की नसीहत देने लगते हैं। वहीं कानूनी मोर्चे पर भी स्थितियां सहज नहीं हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि हाल के वर्षों में सामने आए घरेलू हिंसा के झूठे आरोपों ने सचमुच इस दुर्व्यवहार की शिकार बन रहीं महिलाओं को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। अधिकतर महिलाएं शिकायत दर्ज कराने के बजाय चुप्पी चुन लेती हैं। एक रपट के अनुसार हमारे देश में केवल 0.1 फीसद महिलाएं ऐसी हिंसा के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए आगे आती हैं। बुनियादी रूप से देखा जाए तो यह स्त्री-पुरुष के भेद से परे हर मनुष्य के आत्मसम्मान का मोल समझने का विषय है। समझना आवश्यक है कि घर के भीतर होने वाली इस शारीरिक और मानसिक हिंसा के पीछे लैंगिक विभेद की सोच एक अहम कारण है।

भेदभाव भरी इसी सोच के चलते कई कामकाजी महिलाओं की उपलब्धियां भी इस दुर्व्यवहार का कारण बन जाती हैं। आज भी जीवन साथी की रूढ़िवादी सोच के चलते न तो स्त्रियों की योग्यता की सहज स्वीकार्यता दिखती है और न ही पारिवारिक स्तर पर पराए घर से आई बेटी के प्रति मान भरा व्यवहार । ऐसी हिंसा को बहुत से परिवारों में समर्थन भी मिलता है। नतीजतन, घरेलू हिंसा झेल रहीं स्त्रियां अक्सर अकेली पड़ जाती हैं।

ऐसे में अपनों की सोच और बर्ताव का बदलना ही घरेलू परिस्थितियों को बदल सकता है, ताकि सम्मानजनक और सुरक्षित व्यवहार स्त्रियों के हिस्से आए। अंतरिक्ष तक पहुंच बनाने के दौर में बहुत आवश्यक है कि महिलाओं के लिए अपना आंगन सुरक्षित हो ।

पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण है


ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दशार्ने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम ह्यपिताः लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देनाह्ल है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19

जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है।

पिता को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है।

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन पर्व से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

बिजनौर : श्री राम मंदिर दीप्लोक कॉलोनी देहरादून द्वारा श्री श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा के पावन पर्व से पूर्व आज देव स्नान पूर्णिमा की पावन तिथि पर सैकड़ों मातृशक्ति की कलश यात्रा का आयोजन श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर चौक से श्री राम मंदिर तक किया गया। शक्तिपुत्र पंडित सुभाष चंद्र सतपति एवं अध्यक्ष प्रमोद मित्तल ने संयुक्त रूप से अवगत करवाया कि प्रातः में सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति और मंदिर से जुड़े तमाम पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि श्री राधे कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर चौक में एकत्र हुए जहां प्रभु की पूजा अर्चना करने के पश्चात सभी के मस्तक पर केसर चंदन तिलक किए गए सभी को पवित्र गंगाजल से भरे कलश वितरित किए गए पीतांबर परिधान में मातृशक्ति में जब शीश पर हरि बोल के जोरदार जय घोष से कलश धारण किया तो समस्त वातावरण भक्ति में हो गया।इस अवसर पर घंट नाद टीम जोर-जोर से भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी कलश यात्रा श्री राधे कृष्ण मंदिर किशन नगर चौक से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर, कोलागढ़ रोड, शिव मंदिर आनंदविहार से होते हुए चकराता रोड दीप्लोक कॉलोनी से परिक्रमा कर श्री राम मंदिर में एकत्र हुए। यात्रा का पुष्प वर्षा माल्यार्पण शीतल पेय खाद्य सामग्री आदि से क्षेत्र के दुकानदार भाइयों व घर की मातृशक्ति में पुष्प वर्षा आदि से किया माननीय का किया स्वागत समिति द्वारा पूर्व राज्य मंत्री अशोक वर्मा पंकज मेसोन सुनील अग्रवाल आदि मनमोहन शर्मा का स्वागत माल्यार्पण से किया श्री श्री जगन्नाथ एवं परिवार के स्नान से पूर्व श्री श्री जगन्नाथ माता सुभद्रा देवी, बलभद्र और सुदर्शन को हरि नाम के जोरदार जय घोष के साथ मंदिर से पहुंडी विजै करवा कर सुंदर सिंहासन पर विराजमान करवाया गया इसके पश्चात शक्तिपुत्र पंडित सुभाष चंद्र सतपति द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री जगन्नाथ जी को 35 कलश माता सुभद्रा को 22 कलश श्री बलभद्र जी को 33 कलश और श्री सुदर्शन जी को 18 चंदन हल्दी केसर तुलसी शहद आदि युक्त पवित्र गंगाजल से भरे कलश से स्नान करवाया गया।स्नान ध्यान के पश्चात साइन कल में भगवान श्री जगन्नाथ जी ने गणपति स्वरूप में जब भक्तों को अपने दर्शन दिए तो सभी भक्त चकित हो गए। कार्यक्रम की समाप्ति पर आरती भोग के पश्चात कनिका महाप्रसाद (मीठे चावल)का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में उड़िया समाज में भी भारी संख्या में प्रतिभाग किया। इस मौके पर पूर्व दजार्धारी मंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग अशोक वर्मा, दून वैली व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज मैसौन, पृथ्वी नाथ महादेव मंदिर सेवा दल से संजय गर्ग और उनके साथी मां शाकुंभरी देवी मंदिर से बालेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, श्री राम मंदिर समिति से अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सचिव सुनील शर्मा, उत्सव मंत्री जे एस चुग, कोषाध्यक्ष सुनील गोयल, प्रचार मंत्री सुशील बग्गा, एस के गांधी, अनिल बांगा, शंकर थापा, पूर्व अध्यक्ष आर के गुप्ता, पूर्व सचिव अरविंद मित्तल, मनीष मौर्य, अनुराग गुप्ता, संजीव गोयल, अनिल कुमार आनंद, मनोज शर्मा, तरुण सक्सेना, प्राइवेट कॉलेज अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद संगीता गुप्ता सहित अन्य भक्त जनों ने बड़े जोश से इस कलश यात्रा और मंगल स्नान पूर्णिमा में प्रतिभाग किया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट कर धार्मिक भावनाओ को आहत करने का आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। सोशल मीडिया सेल, रामपुर को ट्वीटर( ) माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई ।जिसमें आरोपी द्वारा इन्स्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओ को आहत करने के उद्देश्य से पोस्ट की गयी थी ।उक्त सूचना पर सोशल मीडिया सेल, रामपुर द्वारा तत्काल आरोपी के इन्स्टाग्राम अकाउन्ट की संबंधित से जाँच कराई गयी, जिससे मिली सूचना के आधार पर थाना शहजादनगर, रामपुर पुलिस द्वारा दिनांक 09.06.2025 को सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।उक्त इन्स्टाग्राम प्रयोगकर्ता अरमान पुत्र नजफ शांह (उम्र 19 वर्ष) निवासी ग्राम अताईनगर थाना शहजादनगर जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

समाज विकसित होगा तो क्षेत्र का विकास होगा:डॉ अय्यूब

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। ₹हमारा संवैधानिक हक आरक्षण है ।जिसे उचित अनुपात में दिलाना हमारा मकसद है ।शोषित व वंचित समाज को संसाधन में हिस्सेदारी से ही समाज विकसित होगा ।जब समाज विकसित होगा तो क्षेत्र का भी विकास होगा और समाज आगे बढ़ेगा ।₹उक्त बातें गुरुवार को विकासखंड खलीलाबाद क्षेत्र के टेमा रहमत में युवाओं के साथ एक विशेष बैठक के दौरान पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अयूब ने कही। आगे कहा कि ₹आज नहीं तो कल यह बात लोगों को जरूर समझ में आएगी कि देश का सच्चा विकास तभी संभव है जब समाज हिन्दू-मुस्लिम से ऊपर उठ कर हर तबके को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के समान अवसर मिलें ।₹उन्होंने कहा कि उन्होंने चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र में पहले ही ठोस कदम उठाए हैं जिसका उदाहरण इंडो अमेरिकन हॉस्पिटल है ।उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में पैरामेडिकल, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी, जिससे स्थानीय युवाओं और जनता को बेहतर भविष्य और सुविधाये मिलेंगी ।उन्होंने समाज के संवैधानिक अधिकारों और विशेष रूप से आरक्षण के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया ।उन्होंने कहा कि₹हमारा संवैधानिक हक – आरक्षण – वंचितों और शोषितों को उनका हक दिलाये बिना समाज का समावेशी विकास संभव नहीं है। संसाधनों में समुचित भागीदारी से ही समाज आगे बढ़ेगा ।आगे बढ़ेगा समाज तो क्षेत्र आगे बढ़ेगा ।जिससे क्षेत्र के साथ साथ एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण भी होगा ।बैठक में लोगों ने पीस पार्टी द्वारा चलाये जारहे सामाजिक परिवर्तन के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुये एकता का राज चलेगा,सर्व समाज साथ चलेगा के नारों के साथ बैठक समाप्त हुयी। इस मौके पर दीपक जायसवाल, मोहम्मद उमर, सूरज निषाद, नदीम खान, अमित कुमार, हमीदुल्लाह खान, सुन्नी देओल, एहतेशाम अंसारी, शिवा चौधरी, नसीर खान,अजीत शर्मा,अफरोज बदल,यासिर निजाम आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बिना जरूरत अपने घरों से बिल्कुल बाहर न निकले: डा. डीके वर्मा

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। पिछले काफी दिनों से रामपुर में भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा हैं। दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ हैं। गर्मी की तीव्रता के आगे घरों के कूलर व एसी भी फेल हो गये हैं।

रामपुर में पिछले कुछ दिनों से लगातार सूरज देवता अपना तांडव मचा रहे हैं। गर्मी का आलम यह हैं कि घरों में रखे एसी व कूलर भी फेल हो चुके हैं। पंखों से गर्म हवा निकल रहीं हैं जिसे बुजुर्गो, मासूम बच्चों व महिलाओं का बुरा हाल हैं। हालांकि विद्युत विभाग की मेहरबानी के कारण गर्मी के इस तांडव माहौल में बिजली काफी हद तक लोगों को राहत पहुंचा रहीं हैं। रामपुर का तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा हैं जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। मौसम विभाग की माने तक अभी इस प्रचंड गर्मी से रामपुर के लोगों को राहत मिलने वाली नहीं हैं गर्मी का यह प्रकोप अभी कुछ और दिनों तक जारी रहेगा। आसमान से आग बरसने की वजह से हीटवेव का प्रकोप भी बढ़ गया हैं अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रहीं हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में हीटवेव को लेकर पहले ही वार्डो को तैयार कर दिया गया था जिसमें मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा हैं। उन्होने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बिना जरूरत अपने घरों से बिल्कुल बाहर न निकले खासतौर पर बच्चों व बुजुर्गो को बिल्कुल घरों से नहीं निकलने दें।

विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित किया जायेगा रक्तदान शिविर

वेलकम इंडिया

मथुरा। बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से 14 जून 2025 को विश्व रक्तदाता दिवस पर एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का लाइफ केयर ब्लड बैंक नेशनल हाईवे मथुरा पर आयोजन किया जा रहा है

युवा करेंगे अपना रक्त देश के नाम, हमारी समिति समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रहती है ।पिछले 12 सालों में अब तक 6377 जरूरतमंद लोगों को रक्त से रक्तवीरों के रक्त मदद कर चुके ।महिला प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व पार्षद श्वेता शर्मा ने कहा इस रक्तदान शिविर में महिला बड़ी संख्या में किस रक्तदान शिविर में रक्तदान करेंगी ।लाइफ केयर ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा ने बताया शिविर में प्रत्येक रक्तदाता प्रशस्ति पत्र के साथ दिया जाएगा सुरक्षा के लिए हेलमेट दिया जाएगा , भावना लाइब्रेरी के निर्देशक गगन अग्रवाल ने कहा हमारी लाइब्रेरी सामाजिक कार्यों में अग्रिम भूमिका में रहती है इसलिए विश्व रक्तदाता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हमारे यहां किया जा रहा है उन्होंने सभी युवाओं के अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की है।

आजादी के बाद कृषि मंत्री ने 15 दिन देशभर में दौड़ाये वैज्ञानिक

वेलकम इंडिया

मथुरा। भारत सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक पूरे देश में 15 दिन तक चला। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आदेश पर दो -ढाई लाख तक वेतन पाने वाले वैज्ञानिक गांवों की खाक छानते फिरे। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ। एसी आफिस छोड़कर तपती लू के थपेडों ने 15 दिन में उनका रंग बदरंग कर दिया ?। सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक हर दिन वैज्ञानिक तीन तीन गांवों में जाकर किसानों के बीच पहुंचे। सुबह पांच बजे पूसा दिल्ली से चलकर कृषि विशेषज्ञ सुबह 8-9 तक मथुरा और अलीगढ़ तक पहुंचे। अहम बात यह है कि बगैर बजट के किसान बुलाए भी गये और उन्हें जलपान भी कराया गया। यह अलग बात है कि किसानों की संख्या ज्यादातर जगह लक्ष से बेहद कम ही रही। हर जिले में 3 टीम बनाई गईं। एक टीम को हर दिन तीन गांव और इस हिसाब से 15 दिन में जनपद में 135 गांव कवर हुए। 15 दिन का यह अभियान बगैर किसी बजट के निपट गया। इस अभियान का नोडल उपकृषि निदेशक को बनाया गया। उपकृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि किसान स्कूल आदि मद से अभियान के खर्चे निकाले जाएंगे। अलग से कोई बजट नहीं है।

टीमों में कृषि विज्ञान केंद्र, भारत सरकार के अंग भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान के विशेषज्ञ, वेटरिनरी विवि के विशेषज्ञ, प्रगतिशील किसान, वित्तीय संस्था नाबार्ड और बैंक आदि के प्रतिनिधि गांवों तक पहुंचे। इससे चालू खरीफ सीजन की फसलों और कृषि कार्यों की कुछ कुछ जानकारी किसान ले पाए। लैब से लैंड तक की यह विशेषज्ञों की मैराथन केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहली बार कराई। बगैर अतरिक्त बजट के यह पूरे देश के हर जनपद के 135 गांव तक क्षेत्रीय भाषा में पहुंची। लोगों ने अपनी दशकों पुरानी समस्याएं बताईं। पशु चिकित्सकों की कमी, पशुओं में फिरावट, मिट्टी की जांच कहां होगी, लेजर लेबर से होने वाले फायदे गिनाए तो लागत घटाकर मुनाफा बढ़ाने के तरीके विशेषज्ञों ने बताए।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी पैतृक गांव रजा नगर में पानी की टंकी का उद्घाटन किया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन ग्रामीण पेयजल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। रामपुर के सांसद नदवी ने पैतृक गांव रजा नगर में पानी की टंकी का उद्घाटन किया तथा पानी चलाकर सभी ग्राम वासियों से अपील की कि पानी की कीमत कोई नहीं जान सकता। पानी बहुत कीमती होता हैं इसे लोग जितना जरूरत हो उतना ही इस्तेमाल करें। पानी का ज्यादा न बहाये। इन टंकियों का पानी बहुत ही गहराई से आता हैं इस पानी को पीने से बीमारियां भी कम होती हैं तथा लोग स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर जल निगम के जेई, ग्राम प्रधान पुत्र बिलाल आसिक खां, अयूब, सांसद की मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा, जुबैर अहमद, डा. मकतब अहमद, डा. मेहंदी हसन, आसिफ अली, नासिर शेख, जमीन सैफी, राज बहादुर दिवाकर, अरशद अली एड आदि मौजूद थे।

महाराजा सूरजमल ने आज ही के दिन मुगलों से छीनी थी आगरा की गद्दी: रामवीर सिंह तोमर

वेलकम इंडिया

मथुरा। महाराजा सूरजमल की सेना ने अदम्य शौर्य व साहस दिखाते हुए 12 जून 1761 को आगरा के किले को मुगल सल्तनत से जीत लिया था। आगरा किला 13 वर्ष तक भरतपुर शासकों के अधिकार में रहा। वीर गोकुला की हत्या के बाद से ही आगरा महाराजा सूरजमल की नजरों में खटका हुआ था, इसीलिए महाराजा सूरजमल ने मुगल सल्तनत के शक्ति केंद्र आगरा को जीतने का निश्चय किया। और 20 दिन की घेराबंदी के बाद महाराजा सूरजमल की सेना ने अदम्य शौर्य व साहस दिखाते हुए 12 जून को 1761 को आगरा के किले को जीत लिया था। उसके बाद सूरजमल ने आगरा के शाही किले को अपने निजी दुर्ग की तरह सजाकर भव्य दरबार आयोजित किया था। इसी लिए 12 जून को शौर्य दिवस के रूप में याद किया जाता है। आगरा किले और शहर का भली-भांति बन्दोबस्त करने के बाद सूरजमल अपने पुत्र युवराज जवाहरसिंह का विवाह रचाने मथुरा लौट आये (दिल्ली क्रानिकल्स, पृ० 124; सियार, 111, पृ० 402)। दिल्ली से हिंगणे बन्धु लिखते हैं कि महाराजा सूरजमल उस सिंघासन पर बैठे, जहां बादशाह के अलावा कोई नहीं बैठता था। हिंगणे दफ्तर, 11, पत्र 46; रेने मैडक के अनुसार सूरजमल ने किले पर अधिकार के बाद उसका पुनर्निर्माण किया। बंगाल पास्ट एण्ड प्रजेण्ट, जि० 53 (1937 ई० पृ० 69)। महाराज सूरजमल द्वारा आगरा का किला विजय के विषय में दिल्ली स्थित बिड़ला मन्दिर में प्रमाणित लेख (1). बिड़ला मन्दिर की सीमा में, एक स्तम्भ पर हाथ में तलवार लिये हुये, महाराजा सूरजमल की विशालकाय मूर्ति स्थापित है। उस स्तम्भ पर शिलालेख अंकित है - ₹₹धर्मरक्षक यदुवंशी जाट वीर भरतपुर के महाराजा सूरजमल जिनकी वीरवाहिनी जाट सेना ने मुगलों के लाल किले (आगरा) पर विजय प्राप्त की। (2) इसी मूर्ति के निकट ऐसी ही एक दूसरी मूर्ति है जिसके स्तम्भ पर शिलालेख अंकित है - आर्य धर्मरक्षक जाट वीर भरतपुर के महाराजा सूरजमल, जिनकी वीरवाहिनी जाट सेना ने आगरे के प्रसिद्ध शाहजहां के कोट को अधिकार में कर लिया था।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय गिरधरपुर में समर कैम्प का हुआ समापन

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। राजकीय उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय गिरधरपुर में मंगलवार को 21मई से चलरहे समर कैम्प का समापन हुआ ।जिसमें प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।इस दौरान समस्त अभिवावक गन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि जिला समन्वयक धर्मेंद्र मिश्र व प्रधानाध्यापिका नीलम राय के द्वारा मां शरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद हुयी ।इसके बाद समर कैम्प में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधरोपण, नाटक, कविता, भाषा ज्ञान, व्यंजन बनाना आदि कार्यक्रमों में छात्राओं ने भाग लिया ।जिन्हें प्रतिभाग प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही लोगो को भोजन भी कराया गया ।मुख्य अतिथि जिला समन्वयक धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि समर कैम्प में प्रतिभाग कर बच्चों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के साथ ही विभिन ज्ञानवर्धक चीजें भी सीखीं ।शिक्षा, भाषा ज्ञान आदि पर भी जोर दिया गया ।जो सराहनीय कार्य है ।उन्होंने इसमें सहयोग करने वाले शिक्षक महेंद्र यादव व अध्यापिकाएं ममता मिश्रा व साधना सिंह की सराहना की ।प्रधानाध्यापिका नीलम राय ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुये अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिले की टॉप-10 सूची में शामिल दस-दस मेधावी छात्र-छात्राओं तथा 2 रजत पदक विजेताओं का किया सम्मान

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

हाथरस। (संवाददाता) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज हाई स्कूल इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा सत्र 2024-2025 में जनपद की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 10-10 मेधावी छात्र-छात्राओं तथा जनपद की 2 रजत पदक विजेता खिलाड़ियों को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद अनूप वाल्मिकि, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, विधायक सदर अंजुला सिंह माहौर, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी जिलाध्यक्ष श्याम सिंह, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने प्रशस्ति पत्र, प्रोत्साहन राशि, मेडल, शील्ड व टेबलेट प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दशार्या गया। उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों-कर्मचारियों, प्रधानाचार्य, अध्यापक-अध्यापिकाओं अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने छात्र-छात्राओं द्वारा मेरिट में स्थान प्राप्त करने उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में अभिभावकों एवं अध्यापकों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि आपने जो यह सफलता प्राप्त की है, यह गर्व का पल है। दिमाग व शरीर के संतुलन को बनाये रखने के लिए अपने स्वास्थ्य को ठीक रखें तथा शिक्षा के साथ अपने खान-पान व खेल-कूद के लिए भी समय निकालें। विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके समर्पण व परिश्रम की सराहना की। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में एसएसडी इंटर कॉलेज तसींगा से सागर, एसएमए गर्ल्स इंटर कॉलेज सादाबाद से पलक पचौरी, श्री एसके गौतम इंटर कॉलेज महावतपुर सादाबाद से वैष्णवी, एसएनएसएम इंटर कॉलेज गढी हरिया मिढावली सादाबाद से अमित कुमार, अंशुल, शिवानी, जेए इंटर कॉलेज रूहेरी से लवकुश शर्मा, आदर्श इंटर कॉलेज महो से सुशांत शर्मा, गुंजन, जेपीजीडी इंटर कॉलेज चंदपा से मनोज पाठक ने जनपद की टॉप 10 की सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हाथरस से अंकिता कौशिक, रूचित कुमार सिंह, केएल जैन इंटर कॉलेज सासनी से प्रज्ज्वल गुप्ता, आरबीएस इंटर कॉलेज राया रोड सादाबाद से क्रिश गौतम, एसएसकेएचसी इंटर कॉलेज महौ से अमित कुमार, एसएनएसबीडी इंटर कॉलेज मैण्डू से ईशा, एसवीएम इंटर कॉलेज सि0राऊ से संजू यादव, चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज बनका हाथरस से राघवेन्द्र, सरस्वती इंटर कॉलेज हाथरस से क्रिश कुमार, पीबीएएस इंटर कॉलेज हाथरस से पार्थ गुप्ता, अखिल कुमार इंटर कॉलेज लुटसान सासनी से अंजली शर्मा ने जनपद की टॉप 10 की सूची में स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, ईडीएम, प्रधानाचार्य, अध्यापक-अध्यापिकाऐं, छात्र-छात्राऐं, अभिभावक, जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

हजरत पीर कमाल शाह बाबा रहमतुल्ला अलैह का 26वाँ उर्स सम्पन्न

वेलकम इंडिया

झांसी – हजरत पीर कमाल शाह बाबा रहमतुल्ला अलैह का 26वाँ उर्स बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उर्स में हजारों अकीदत मंदो ने शिरकत की एवं दरगाह पर हाज़िरी देकर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। दरगाह शरीफ पर दिन में कुरआन ख्वानी के साथ फातिहा एवं शाम को परचम कुशाई के बाद सभी को लंगर खिलाया गया। इस मौके पर खादिम अनीश शाह ने कहा कि देश में हिंदू मुस्लिम एकता बनाए रखें किसी भी प्रकार के कट्टर पंथी विचार धारा को देश में पनपने न दें, चाहे वो किसी भी समुदाय कि तरफ से हो। एक भारतीय नागरिक के लिए सबसे पहले उसका देश है, हमेशा अपने मुल्क को आगे बढ़ाने में सहयोग करें आगे आने वाला त्यौहार मोहर्रम पर्व भी हम सबको मिलजुल कर मनाना है, एवं देश में भाईचारा बनाए रखें। इस दौरान अकीदत मंदो द्वारा चादर पेश की गई जिसमें खास बिजौली से उर्स कमेटी की तरफ से चादर पेश की गई। एवं राजगढ़ से रसीद अंसारी द्वारा चादर पेश की गई। वहीं मशहूर कव्वालों द्वारा बेहतरीन कव्वाली पेश की गई जिसमें सभी अकीदतमंदों को झूमने को मजबूर कर दिया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष हरवंशलाल, उपाध्यक्ष सुबराती खान, गद्दी नशीन अनीश शाह, खादिम सोहेल मदारी, कौशल किशोर यादव प्रधान विरगुंआ, हाजी निसार, जब्बार खान, शेरा पठान, शाहरुख खान, वसीम रजा, दिलशाद मंसूरी, अबरार खान, निजाम, बाबू भाई, छोटू भाई मिस्त्री, मोहसिन भाई आदि लोग मौजूद रहे।

किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म, दो विरुद्ध अभियोग दर्ज

वेलकम इंडिया

कांधला। मोहसीन रहमानी। थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर परिवार के साथ मजदूरी करने आई एक किशोरी का दो युवकों ने अपहरण करने के बाद किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। जनपद मुजफ्फरनगर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित अनुसूचित जाति का है और अपने परिवार सहित थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर कच्ची ईंट की पथाई करने के लिए आया हुआ है। पीड़ित ईंट भट्ठे के बनाए गए डेरे पर परिवार सहित निवास करता है। आरोप है कि गत 31 मई को पीड़ित अपने परिवार सहित ईंट पथाई करने के लिए गया हुआ था और डेरे पर उसकी 13 वर्षीय पुत्री अकेली थी। अकेले किशोरी को देखकर दो युवकों ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया और जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोरी ने घटना के संबंध में परिजनों को जानकारी दी। आरोप है के दोनों आरोपियों ने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की भी धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर राहुल जाट और अंकित जाट निवासी ग्राम किवाना के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है जल्दी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

मिनी मैराथन रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में बृहस्पतिवार सुबह बागेश्वर में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने तहसील परिसर से हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। जिसमें स्कूली बच्चों, युवाओं, कर्मचारियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह दौड़ शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर जिलाधिकारी भटगांई ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और अनुशासित बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज की तेज रफ़्तार ज़िंदगी में योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से आगामी योग दिवस पर बड़ी संख्या में भाग लेने और योग को अपनाने की अपील की, साथ ही दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।इस दौरान उप जिलाधिकारी मोनिका, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी निष्ठा कोहली शर्मा, प्रभारी जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. पंकज पंत, नोडल अधिकारी डॉ.एंजल पटेल क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला आदि उपस्थित थे।

यातायात प्रभारी द्वारा मोडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व काली फिल्म के विरुद्ध अभियान चलाकर किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया



संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात अभयनाथ मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने मेंहदावल बायपास पर यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए मोडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म व तीन सवारी के विरुद्ध अभियान चलाया गया व नियम के विरुद्ध मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की। साथ ही वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की।

सोशल मीडिया पर निकली पालिका परिषद के विरुद्ध अपनी भड़ास

वेलकम इंडिया

कांधला। मोहसीन रहमानी। नगर में बिजली कटौती और नगर पालिका परिषद के द्वारा जल आपूर्ति पर्याप्त नहीं देने पर नागरिकों में पालिका के प्रति रोष बना हुआ है। नागरिको ने सोशल मीडिया पर पालिका के विरुद्ध अपना रोष प्रकट करते हुए जमकर भड़ास निकाली इस दौरान कई लोगों ने हाथों में खाली पानी की बाल्टी लेकर अपने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए है। पालिका के द्वारा नगर में पर्याप्त जल पूर्ति नहीं होने पर लोगों ने पालिका अध्यक्ष सहित जिलाधिकारी को शिकायत कर निस्तारण की मांग की है। लगातार कई दिनों से भीषण गर्मी ने लोगों का बुरा हाल कर रखा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर में पर्याप्त जल की पूर्ति नहीं दी जा रही है। जिस कारण नगर के लोगों में पालिका प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है। कई दिनों से लगातार नगर के लोगों ने सोशल मीडिया पर नगर पालिका परिषद के विरुद्ध अपनी भड़ास निकालते हुए अनेक तरह के कमेंट कर पालिका कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार वह लापरवाही का आरोप लगाते हुए कई लोगों ने हाथों में पानी की खाली बाल्टिया लेकर अपने फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। नगर वासियों का कहना है कि उनके घरों में लगभग एक सप्ताह से पानी की पूर्ति नहीं पहुंच रही है और पालिका अध्यक्ष भेदभाव करते हुए अपने निजी नौकर से लेकर परिचितों को ठेकेदारी व अन्य योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) आशीष भटगांई ने तीनों विकासखंडों के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों, प्रधानों एवं सदस्य क्षेत्र पंचायतों के निर्वाचन के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है।

बागेश्वर विकासखंड के अंतर्गत न्याय पंचायत खातीगांव के लिए सहायक कृषि अधिकारी मंजरी नेगी, रावतसेरा के लिए सविलअउसद. केंद्र शैलेश तिवारी, सानिउडियार के लिए कनिष्ठ अभियंता लघु डाल नवीन सिंह डोगरा और कांडा के लिए अपर सहायक अभियंता सिंचाई राजेंद्र सिंह अधिकारी को नियुक्त किया गया है। अन्य नियुक्तियों में कांडे के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि नेहा सिंह, गुरना के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि शैलेश सकलानी, बोहाला के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि विकास सिंह, सैंज के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि सूरज गिरि, देवलधार के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि गौरव पांडे, पंतगांव के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि मोहम्मद आरिश, रवाईखाल के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि दिव्या वर्मा, अमसरकोट के लिए कनिष्ठ अभियंता लोनिवि राहुल सिंह, आरे के लिए कनिष्ठ अभियंता लघु डाल विजय लोहनी, फल्यांटी के लिए अपर सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई सिंचाई खंड नंद किशोर जोशी, चौरा के लिए कनिष्ठ अभियंता लघु सिंचाई जितेंद्र पाल और बनलेख न्याय पंचायत के लिए कनिष्ठ अभियंता लघु डाल कैलाश चंद्र पांडे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कमल किशोर पंत (अपर सहायक अभियंता सिंचाई), लक्ष्मी अधिकारी (अपर सहायक अभियंता), विपिन चंद्र सनवाल (अपर सहायक अभियंता), विनोद कुमार (कनिष्ठ अभियंता लघु सिंचाई), प्रमोद मेहता (कनिष्ठ अभियंता लघु सिंचाई) और चंद्रा आर्या (कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग) को आरक्षित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है। गरुड़ विकासखंड में न्याय पंचायत गढ़सेर के लिए सहायक विकास अधिकारी सहकारिता निर्मला गोस्वामी, बैजनाथ के लिए सहायक कृषि अधिकारी सुंदर प्रसाद, तिलसारी के लिए सहायक विकास अधिकारी उद्यान विजय कुमार, लौबाज के लिए सहायक कृषि अधिकारी जितेंद्र शाह, भगरतोला के लिए कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग भारती राणा, भिलकोट के लिए सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण जगदीश चंद्र जोशी और पिंगलो न्याय पंचायत के लिए सहायक कृषि अधिकारी मनमोहन को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सेमरियावां प्रमुख के बेटे के खिलाफ सरकारी फाइलों की हेराफेरी का मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। विकास खंड सेमरियावां के विभिन्न गांवों के 15 परियोजनाओं के प्राक्कलन को स्वीकृति के बाद विश्वासघात कर रखने के आरोप में दुधारा पुलिस ने ब्लाक के प्रभारी लेखाकार एवं वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार राय की तहरीर पर वर्तमान ब्लॉक प्रमुख बड़े बेटे के खिलाफ बुधवार को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी लेखाकार एवं वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार राय ने तहरीर में बताया कि तत्कालीन समय में उन्हें सेमरियावां ब्लॉक का प्रभारी लेखाकार का दायित्व दिया गया। विगत दिनों विभिन्न गांवों के करीब 15 परियोजनाओं का प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति करने के पश्चात वर्तमान ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशा के बड़े बेटे मुस्ताक अहमद ने उनके अवलोकन के लिए फाइलों को मांगकर ले लिया था। इसमें बाल विकास परियोजना कार्यालय का मरम्मत कार्य एवं रंगाई पुताई कार्य, ग्राम पंचायत देवरिया नासिर में अतीक के घर से नौवाडिहवा सरहद तक इंटरलॉकिंग कार्य, राजकीय बीज भंडार बूढ़ा खुर्द का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत दुधारा के बाजार में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत चमरसन में काली माता मंदिर से सार्वजनिक शौचालय तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत टिहरी माफी के राजस्व ग्राम नबीपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प कार्य सहित कुल 15 परियोजनाओं की फाइलें शामिल हैं। इन्होंने आज तक इन परियोजनाओं के प्राक्कलन को बार-बार मांगने के बावजूद भी नहीं उपलब्ध कराया है। जिसकी वजह से इन गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र,टैबलेट,चेक व मेडिल देकर किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



झाँसी। जनपद में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट और हाईस्कूल परीक्षा-2025 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम में मेधावियों का सम्मान किया गया। चेहरे पर खुशी और आंखों में आत्मविश्वास से लबरेज मेधावियों का नाम पुकारते ही नवीन सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रदेश स्तर पर केंद्र राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान टैबलेट वितरण, 68 वी राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक रजत एवं कांस्य पदक विजेता उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न नवीन भवनों के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार लखनऊ में संपन्न हुआ कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को जनपद स्तर पर कलेक्टर नवीन सभागार में समस्त जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं मेधावी छात्र-छात्राएं और अभिभावकों ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के पश्चात जनपद में कलेक्टर नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष-2025 के बोर्ड परीक्षाओं के मेधावियों के सम्मान समारोह में मेधावियों से कहा गया कि ये तो शुरूआत है, मेहनत और लगन से हर मंजिल आसान हो जाती है। कार्यक्रम में करीब 30 मेधावियों को सम्मानित किया गया, जिसमें खिलाड़ी भी शामिल रहे। गुरुवार कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च अंक पाने वाले 10-10 विद्यार्थियों को आमंत्रित कर रुपए 21,000 का सांकेतिक चेक एक टैबलेट प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा जैसे ही मेधावियों को सम्मानित करना शुरू किया, पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। श्रीमती बेबी रानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं, अभिभावक एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही नहीं हर क्षेत्र में ऊंची रखें मेरिट, उन्होंने स्वास्थ्य के साथ खेलकूद पर भी ध्यान रखते हुए संगति के महत्व को बताते हुए कहा कि पढ़ने में औसत बच्चे भी अच्छी संगति में रहकर सफल हो जाते हैं। मेरिट सिर्फ शिक्षा में ही नहीं हर क्षेत्र में होनी चाहिए। जहां जाएं अपना सर्वश्रेष्ठ दें। अपनी प्रतिभा और क्षमता को विकसित करने की जिम्मेदारी आपकी खुद की है। सफलता के चार सूत्र दृढ़निश्चय, आत्मविश्वास, लगन और अथक परिश्रम हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने ज्ञान को बढ़ाने का मूलमंत्र देते हुए कहा कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हों, सकारात्मक दृष्टिकोण से उनका हल निकाला जा सकता है। विद्यार्थी खुद के अंदर कौशल का विकास करें। किसी भी काम को बीच में न छोड़ें बल्कि जब तक मंजिल न मिले बगैर रुके प्रयास करते रहें। सफलता निश्चित कदम चूमेगी। सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत ही है आपकी सच्ची दोस्त, हमारे समय में 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक वाले बच्चे गिने-चुने होते थे। तब ये असंभव सा लगता था, इस असंभव को आप बच्चों ने संभव कर दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की परिजन भी प्रशंसा के पात्र हैं। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने इस अवसर पर विभिन्न भिन्न छात्र- छात्राओं से संवाद करते हुए उनके सपनों की जानकारी ली, उन्होंने सुझाव दिया कि सही समय पर ही करें अपने कॅरिअर की शुरूआत, उन्होंने कहा कि आज आपके पास कॅरिअर से ढेर सारे विकल्प हैं।

पूर्व मानसून तैयारियों को लेकर जीएम जलकल का व्यापक निरीक्षण

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। बरसात से पहले शहर में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए जलकल विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जलकल विभाग के महाप्रबंधक (जीएम) कुलदीप सिंह ने जोन-3 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सीवर सफाई कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के मुख्य बिंदु जीएम जलकल ने पुरनिया क्रॉसिंग, जानकीपुरम तृतीय वार्ड की नहर रोड, शुक्ला चौराहा और मनकामेश्वर वार्ड के नदवा रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सीवर लाइनों की सफाई समयबद्ध तरीके से की जाए और सुपर सकर मशीन के माध्यम से सीवर की गहराई तक सफाई सुनिश्चित कराई जाए। अधिकारियों को निर्देश जीएम जलकल ने मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता जोन-3 सचिन सिंह यादव, जेई अरुण सिंह और अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग की प्राथमिकता है कि आने वाले दिनों में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसलिए सीवर की नियमित निगरानी और समय पर सफाई बेहद आवश्यक है। निरीक्षण में मौजूद रहे अधिकारी निरीक्षण अभियान में स्वेज इंडिया के डायरेक्टर राजेश मटपाल, जलकल विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

दो गांवों को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए खुली बैठक

वेलकम इंडिया

कांधला। मोहसीन रहमानी। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरा गढ़ी दौलत व गढ़ी श्याम को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में खुली बैठक आयोजित की गई ग्रामीणों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। ग्राम प्रधान और सचिव ने सर्व समिति से पारित होने पर शासन को अपनी रिपोर्ट भेजी। इस दौरान पूर्व प्रधान, प्रधान प्रत्याशी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गंगेरू के चार मजरे है, गढ़ी दौलत, गढ़ी श्याम, गढ़ी रक्खा, गढ़ी मियां, कई वर्षों से ग्रामीण गढ़ी दौलत और गढ़ी श्याम को ग्राम पंचायत का अलग दर्जा दिलाने की मांग कर रहे हैं।गुरुवार को गंगेरू के प्राथमिक विद्यालय में पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरा गढ़ी दौलत और गढ़ी श्याम को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग की गई।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

मिजार्मुराद। क्षेत्र के रखौना गांव काशी का पाही के पास गुरुवार की सुबह वाराणसी से प्रयागराज जा रही एक पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने रेलवे पटरी क्रॉस कर रहे वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना क्षेत्र के महगांव निवासी राममूरत पटेल उम्र (65) वर्ष सुबह घर से राशनकार्ड इंट्री कराने के लिए जा थे उसी समय वाराणसी से प्रयागराज जा रही एक पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से राममूरत की दर्दनाक मौत हो गई।ग्रामीणों द्वारा व रेलवे द्वारा घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी प्रीतम तिवारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने के साथ ही घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दिया।मृतक घर पर रहकर ही खेती किसानी करता था।मृतक चार पुत्रो का पिता बताया गया तीन पुत्र बाहर रहकर नौकरी करते है सबसे छोटा पुत्र घर पर रहता है।मृतक के छोटे पुत्र मुकेश पटेल व पत्नी कलावती देवी का रो–रोकर बुरा हाल रहा।

63 केबीए का जला ट्रांसफार्मर, गर्मी में संकट

मिजार्मुराद। क्षेत्र के रामसिंहपुर गांव गुरुवार की सुबह 63 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया।जिसके चलते गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गया है।ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग के एसडीओ और जेई को कई बार फोन किया गया लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि फोन नही उठा।जिसके बाद बिजली विभाग के पोर्टल पर गांव के दिनेश सिंह द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाया गया।ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव के इस तपती गर्मी में कूलर पंखा न चलने के कारण लोग काफी परेशान रहे वही ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी समस्या पानी के लिए बना हुआ है।ग्रामीणों द्वारा कहां गया कि अगर समय से ट्रांसफार्मर नही बदला गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए विवश होंगे।

सीएम योगी ने लखनऊ से बढ़ाया होनहारों का हौसला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित भव्य समारोह में प्रदेश भर के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान बरेली जिले के तीन मेधावी छात्र-छात्राओं को भी मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र, मेडल और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बरेली के विकास भवन स्थित सभागार में किया गया, जहां जिले के अन्य टॉपर्स को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल समेत जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। इन जनप्रतिनिधियों ने जिले के टॉप करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट और स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसी दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालकों से बेहतर परिणाम दिए हैं। यह दशार्ता है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए भी गर्व की बात है। सम्मान प्राप्त कर मेधावियों और उनके परिजनों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। कार्यक्रम स्थल पर तालियों की गूंज और उत्साह का माहौल बना रहा।

बोलेरो के धक्के से मजदूर की मौत, परिवार में कोहराम

वेलकम इंडिया

मिजार्मुराद। क्षेत्र के बिहड़ा गांव (मिजार्मुराद) हाइवे के सर्विस लेन पर बुधवार की रात पैदल घर जा रहे बिहड़ा गांव निवासी राजू बिन्द उम्र (33) वर्ष पुत्र स्व मेवालाल को औराई के तरफ से सर्विस रोड़ पर आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार धक्का मार दिया।जिससे युवक छिटकर हाइवे जा गिरा व गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों व परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को देते हुए सरकारी एम्बुलेंस से युवक को मिजार्पुर कछवां स्थित सीएससी ले जहां गया जहां से डॉक्टरों ने युवक को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।ट्रॉमा सेंटर पहुंचे ही युवक की ही मौत हो गई।मृतक युवक मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था मृतक को दो पुत्री बताई गई।घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी आरती देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी जबतक पुलिस मौके पर पहुंच परिजन युवक को अस्पताल लेकर चले गए थे जहां उसकी मौत हो गई।तहरीर मिलने पर बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।

सपा के पीडीए की हवा निकाल देंगे मुसलमान, मुलायम मुस्लिम हितैषी और अखिलेश है स्वार्थी: मौलाना शहाबुद्दीन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। समाजवादी पार्टी के पीडीए फामूर्ले को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा के पीडीए फामूर्ले में मुसलमानों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है, जबकि मंच से बोलते समय अखिलेश यादव मुस्लिम समाज का जिक्र तक नहीं करते। वहीं जब वह बंद कमरे में मुस्लिम नेताओं से मुलाकात करते हैं, तो मुसलमान शब्द का बार-बार इस्तेमाल करते हैं। इससे साबित होता है कि उनके दो चेहरे हैं और ऐसा व्यक्ति किसी भी वर्ग के लिए हितकारी नहीं हो सकता। मौलाना रजवी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की सपा और अखिलेश यादव की सपा में बड़ा फर्क है। मुलायम सिंह यादव मुसलमानों के सच्चे हितैषी थे। वह जो बात बंद कमरे में कहते थे, वही जनता के सामने भी दोहराते थे। उन्होंने हमेशा मुस्लिम धर्मगुरुओं को सम्मान दिया और उनकी समस्याओं पर ध्यान दिया। वहीं, अखिलेश यादव मुस्लिम मुद्दों पर चुप्पी साधे रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष न तो लोकसभा और न ही विधानसभा में मुस्लिम समाज के मसलों पर कभी खुलकर बोले हैं और न ही उनके समाधान की दिशा में कोई प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मुस्लिम जनप्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं से दूरी बनाकर रखते हैं। उन्हें मुस्लिम समाज के दुःख-दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए अब मुसलमान उन्हें अपना हमदर्द नहीं मानते। मौलाना रजवी ने भाजपा को लेकर भी अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुसलमान भाजपा में इसलिए शामिल नहीं होता क्योंकि पार्टी के कुछ नेता आए दिन मुस्लिम विरोधी बयानबाजी करते हैं। अगर भाजपा ऐसे बयानों पर अंकुश लगाए और मुसलमानों के लिए अपने दरवाजे खोले, तो मुस्लिम समाज भाजपा के साथ जुड़ने पर विचार कर सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को मिला है। इनमें मुसलमान भी शामिल हैं। कई योजनाएं ऐसी हैं जिनकी सराहना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी हो रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ हिंदुत्ववादी नजरिए से देश नहीं चलाया जा सकता। सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही लोकतंत्र की सच्ची पहचान है।

बरेली में दो साल बाद कोरोना की दस्तक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। दो साल तक कोरोना से पूरी तरह सुरक्षित रहे बरेली में एक बार फिर वायरस ने दस्तक दी है। पंजाब से लौटे एजाजनगर गौटिया निवासी युवक की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। युवक ने 5 जून को पंजाब में जांच कराई थी, जिसमें वह संक्रमित पाया गया। जैसे ही सूचना बरेली पहुंची, स्वास्थ्य महकमे की सांसें थम गईं। आनन-फानन में युवक की तलाश शुरू हुई। काफी खोजबीन के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम युवक को नहीं खोज पाई। उधर युवक खुद जिला अस्पताल में प्रकट हो गया और अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के हवाले कर दी। आईडीएसपी सेल प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है। पहले युवक ने फोन पर खुद को पीलीभीत, पूरनपुर निवासी बताया और इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। स्वास्थ्य विभाग ने आधार कार्ड की मदद से जब उसके असली पते की जानकारी निकाली तो एजाजनगर गौटिया, बारादरी का पता मिला। टीम मौके पर पहुंची, लेकिन स्पष्ट पता न होने की वजह से युवक का घर नहीं खोज सकी। इस बीच बुधवार को युवक खुद स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के पास पहुंचा और अपनी नई रिपोर्ट सौंप दी, जिसमें वह निगेटिव निकला। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। आईडीएसपी सेल प्रभारी डॉ. मीसम अब्बास ने बताया कि युवक पंजाब में मजदूरी करता था और वहीं पर जांच कराई थी। पॉजिटिव आने के बाद बिना किसी जानकारी के बरेली लौट आया। अब निगेटिव रिपोर्ट सामने आने के बाद संक्रमण का खतरा फिलहाल टल गया है, लेकिन विभाग अलर्ट मोड पर है।

पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के जहाज हादसे में मौत की सूचना पर भाजपाइयों ने शोक श्रद्धांजलि दी

वेलकम इंडिया

मिजार्मुराद। कछवांरोड अंडरपास के समीप गुरुवार की देर शाम भाजपाइयों ने एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रहे विजय रुपाणी की जहाज हादसे में मौत होने के बाद भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि दी।वही जहाज हादसे में मृतक यात्रियों के लिए व विजय रुपाणी के चित्र पर फूल चढ़ाकर मोमबत्ती जलाने के साथ दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त करने के साथ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सेवापुरी मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष हरिशंकर विश्वकर्मा, रूपेश केसरी, अनिल केसरी, अमित गुप्ता, दिनेश पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बदायूं में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बदायूं। कुंवरगांव होली चौक स्थित एक मकान में बुधवार रात अवैध रूप से रखे गए पटाखों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। रात करीब 10 बजे हुए धमाकों से इलाका दहल उठा। मकान में आग लगते ही वहां मौजूद परिवार जान बचाकर पड़ोसी की छत पर कूद गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग रईस पुत्र अब्दुल लतीफ के मकान में लगी, जिनके पास पटाखा बनाने का लाइसेंस तो है, लेकिन जहां धमाका हुआ, वहां लाइसेंस नहीं था। रईस के घर के नीचे जूते-चप्पलों की दुकानें थीं, जबकि ऊपरी मंजिल पर परिवार रहता था। बताया गया कि रईस पिछले कुछ दिनों से घर में ही पटाखे बना रहा था और वहीं पर उसने भंडारण भी कर रखा था। धमाके इतने तेज थे कि आसपास के मकानों की खिड़कियां तक हिल गईं। आग की लपटें देख आसपास के संजीव पोरवाल, विनोद, गोपी समेत पांच लोगों ने अपने मकान खाली कर दिए। एहतियात के तौर पर आसपास के घरों की बिजली भी कटवा दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजाराम यादव ने बताया कि आग जिस स्थान पर लगी, वहां पटाखों का भंडारण गैरकानूनी था। फायर ब्रिगेड को मकान की दीवार तोड़कर आग बुझानी पड़ी। हादसे में एक बाइक और घर का सामान जलकर राख हो गया, हालांकि किसी की जान नहीं गई। रईस का पुश्तैनी धंधा पटाखा बनाना है। पहले यह लाइसेंस उसके पिता अब्दुल के नाम पर था। अब रईस इसे चला रहा है। लाइसेंस के मुताबिक गोदाम छबरा पुलिया के पास है जो मकान से करीब एक किलोमीटर दूर है, लेकिन उसने नियमों को दरकिनार कर घर में ही पटाखे जमा कर रखे थे। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। आग लगने की असली वजह और नियम उल्लंघन की पुष्टि जांच के बाद होगी। फिलहाल क्षेत्रवासियों में दहशत बनी हुई है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान ग्रामसभाओं में किसानों को किया गया जागरूक

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

प्रतापगढ़। विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 दिनांक 29.05.2025 सें 12.06.2025 तक आयोजन किया जा रहा है जिसके क्रम में आज विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम सभा बावलिया बाजियाफ्त, कसबलतीफपुर, बलियापुर, विकास खण्ड लालगंज के ग्राम सभा उधरनपुर, गौखरी, सरायजगतसिंह विकास खण्ड कालाकांकर के ग्राम सभा मिरगड़वा, साहबाबाद एवं बझाभीट कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप0-बी0, प्राविधिक सहायक ग्रुप0-सी0, राजकीय कृषि बीज भण्ड़ार प्रभारी तथा बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 एवं जनप्रतिनिधि में सम्बन्धित ग्राम प्रधान ह्यविकसित कृषि संकल्प अभियान-2025ह्य किसानों की फार्मर रजिस्ट्रिरी की गयी तथा फार्मर रजिस्ट्रिरी के बारे में जानकारी दी गयी। किसानो को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के हित में चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ उठाकर किसान न अपनी आय दोगुनी कर सकते है बल्कि किसी को लाभकारी व्यवसाय में बदल सकते है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ0 एन0के0सिंह, डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह, डॉ0पी0के0 सिंह, डॉ0 ए0के0 सिंह, डॉ0 प्रेसजीत देवनाथ, डॉ0 एम0पी0 सिंह एवं डॉ0 यतेन्द्र कुमार द्वारा कृषकों पशुपालन एवं खरीफ में धान की सीधी बुवाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। नवीनतम खेती करने की जानकारी दी गयी।

समावेशी विकास के 11 वर्ष में मोदी सरकार ने लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया : संघ मौर्या

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

हाथरस। अलीगढ़ रोड स्थित बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों विषय पर आयोजित प्रोफेशनल मीट का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हाथरस लोकसभा के सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि अलीगढ़ सदर विधायक मुक्ता राजा पूर्व सांसद बदायूं संघमित्रा मोर्य रही। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छवि चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित की गई। जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सशक्त

भारत सुरक्षित भारत विषय पर संबोधित करते हुए हाथरस लोकसभा सांसद अनूप वाल्मिक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के नेतृत्व में ₹सशक्त भारत सुरक्षित भारत₹ को सपना साकार हुआ है जहां आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की गई है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सामरिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाकर भारत ने अपनी सुरक्षा को अटूट बनाया है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और सम्मानित सुरक्षा स्तंभ के रूप में स्थापित किया है यही ₹सशक्त भारत सुरक्षित भारत₹ का सच है, जहां विकास और सुरक्षा एक साथ मजबूत हो रहे हैं, कार्यक्रम में सेवा सुशासन गरीब कल्याण की 11 साल विषय पर बोलते हुए बदायूं की पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में जहां नारी शक्ति विकास की परिधि से निकलकर केंद्र में आई है, मध्यम वर्ग को रोजमर्रा की ज़िंदगी में सम्मान मिला है और साहसिक सुधारों ने व्यापार को नई उड़ान दी है, वहीं, डिजिटल इंडिया ने नए भारत की नीव को मजबूत किया है, 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से हर क्षेत्र में आए इस राष्ट्रीय परिवर्तन ने समावेशी विकास का स्पष्ट और सुगम रास्ता तैयार किया है मोदी सरकार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ता यह नया भारत अब विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने बनने को तैयार है, मोदी सरकार की समावेशी नीतियों और व्यापार को आसान बनाने वाली पहलों के परिणाम स्वरूप कभी 'फैजाइल फाइव' कहे जाने वाले देशों में शामिल भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और 2025-26 में 6.8% विकास दर का अनुमान है उन्होंने कहा कि, ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा ऋऊक, 825 अरब डॉलर के ऐतिहासिक निर्यात और ठढअ घटकर सिर्फ 2.6% रह जाना दिखाता है कि भारत ने खुद को वैश्विक विकास का विश्वसनीय इंजन साबित किया है, कार्यक्रम को विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए अलीगढ़ सदर की विधायक मुक्त संजीव राजा ने कहा कि विकसित भारत' सिर्फ एक योजना नहीं, एक सपना है।

राष्ट्रीय अभियान के तहत संकल्प सिद्ध अभियान कार्यशाला का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अभियान के तहत संकल्प सिद्धि अभियान के तहत राजाखेड़ा मंडल और नहिला मंडल मैं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का प्रारंभ किया गया। लक्ष्मण सिंह तोमर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 9 जून से संकल्प से सिद्धि नामक विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू किया है इस अभियान के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ तक जाकर के केंद्र की मोदी सरकार 11 वर्षों की उपलब्धियां को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे साथ ही कांग्रेस शासन के दौरान हुई विफलताओं की जानकारी घर-घर दी जाएगी। केंद्र सरकार की योजनाओं नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता जानकारी बूथ तक पहुंचाने का कार्य करेंगे 15 से 20 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिससे लोगों में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता बड़े 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस और 6 जुलाई को उनकी जयंती का आयोजन कर पार्टी अपने वैचारिक स्तंभों को जन-जन तक ले जाएगी वही 25 जून को आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़े सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा इस अभियान को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए बूथ स्तर तक कमेटी का गठन किया गया है। लक्ष्मण तोमर ने बताया कि 2014 से लेकर अब तक जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से गरीब किसान मजदूर एवं युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजना केंद्र सरकार के द्वारा चालू की गई है जिसका लाभ अंतिम व्यक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य केंद्र सरकार कर रही है। स्वच्छ भारतअभियान के तहत घर-घर शौचालय का निर्माण हो प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस कनेक्शन योजना हो किसान सम्मान निधि योजना अनेक प्रकार की योजना केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही है।

किसान ने नायब तहसीलदार पर लगाया अभद्रता व कार्यालय से बाहर भागने का आरोप

वेलकम इंडिया

शिकारपुर। तहसील के गांव अकरवास कनैनी के एक किसान ने एसडीएम, डीएम तथा मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में नायब तहसीलदार विपिन वर्मा की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई थी। अकरवास कनैनी निवासी चौधरी चंद्रवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसकी शिकायत डीएम से कर कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। नायब तहसीलदार ने जमीन को कब्जा मुक्त कराए बिना ही कब्जा मुक्त की रिपोर्ट लगा दी। नायब तहसीलदार से जब कब्जा मुक्त कराए बिना ही निस्तारण करने के बारे में पूछा तो नायब तहसीलदार किसान पर आग बबूला हो गए और किसान के साथ अभद्रता कर डाली। किसान चंद्रवीर सिंह ने बताया कि किसान के साथ में हुई अभद्रता को लेकर शुक्रवार को तहसील में धरना प्रदर्शन कर उच्च अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की जाएगी साथ ही बताया अगर नायब तहसीलदार की जांच उच्च अधिकारियों द्वारा नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन के लिए तत्पर रहेगा। किसान चंद्रवीर सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ग्राम अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं। मैं जो आवाज उठा रहा हूँ वह जनहित की आवाज है जिसे नायब तहसीलदार मेरी आवाज को दबाने का काम कर रहे हैं।

मनुष्यों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होने पर ही वे बनेंगे राष्ट्र निर्माण में सहभागी : महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज

वेलकम इंडिया

वृन्दावन। रतन छतरी-कालीदह रोड़ स्थित गीता विज्ञान कुटीर में वेदांत उपदेशक, श्रीमद्भगवद गीता को प्रकांड विद्वान, 112 वर्षीय वयोवृद्ध व प्रख्यात संत गीता विज्ञान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज (हरिद्वार) अपनी धार्मिक यात्रा पर इन दिनों श्रीधाम वृन्दावन आए हुए हैं।उन्होंने यहां के कई प्रख्यात संतों, धमार्चार्यों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात कर धर्म- अध्यात्म व अन्य विषयों पर विचार-मंथन किया।

महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि वर्तमान की परिस्थिति बहुत ही भयावह होती जा रही है।ये राष्ट्र व समाज दोनों के लिए ही चिंता का विषय है।यदि हमें एक सभ्य, उन्नत और प्रगतिशील राष्ट्र चाहिए, तो सबसे पहले मनुष्यों को अपना शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास करना होगा।शारीरिक विकास योग से, मानसिक विकास ईश्वरीय ध्यान से और बौद्धिक विकास वेद अध्ययन से।जब मनुष्य इन तीनों गुणों से परिपूर्ण होगा, तभी राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन पाएगा। उन्होंने कहा कि संत और ब्राह्मण देश व समाज के निमार्ता और मार्ग दर्शक होते हैं।परंतु इनकी पहचान कैसे की जाय जिसमें समता विद्यमान हो वही संत हैं। ज्ञान प्रधान ही सच्चे संत होते हैं और विद्या प्रधान ब्राह्मण होते हैं, जो प्रत्येक जीव में ब्रह्म का दर्शन करे, वही सच्चे ब्राह्मण हैं। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि निष्कामता परमार्थ के सभी साधनों की जननी है।अतः हम सभी को अपने कार्य निष्काम भाव से करने चाहिए।साथ ही जगत से समता व परमात्मा से ममता रखनी चाहिए।संसार व शरीर को अपना मानना सभी पापों का मूल है।अतः संसार के सभी प्राणियों की सेवा, ईश्वर से प्रेम तथा स्वयं को त्याग करना चाहिए।साथ ही हम सभी को संयम, सेवा, सुमिरन और सादगी का पंचामृत सदैव पान करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट एवं मुक्तानंद चित्र वीथि के संस्थापक चित्रकार द्वारिका आनंद ने स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज को ठाकुरजी का प्रसादी पटुका ओढ़ाकर सम्मानित किया।साथ ही अंगवस्त्र और सत्साहित्य भेंट किया। उन्होंने कहा कि महाराजश्री अपनी 112 वर्ष की आयु में भी समूचे विश्व में श्रीमद्भगवद्गीता का सघन प्रचार-प्रसार कर असंख्य व्यक्तियों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर पूज्य महाराजश्री के परम-कृपापात्र शिष्य स्वामी हरिकेश ब्रह्मचारी महाराज, आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी लोकेशानंद महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य ईश्वरचन्द्र रावत, अशोक अग्रवाल (नारनौल, हरियाणा), मुनीराम जापक, मदन मोहन आदि की उपस्थिति विशेष रही।

मोदी सरकार ने सेवा को बनाया संकल्प : दीपक ऋषि

वेलकम इंडिया

शिकारपुर/बुलंदशहर/ मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का अमृतकाल अभियान के तहत गुरुवार को शिकारपुर विधानसभा के मंडल अहमदगढ़ में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। आयोजित संकल्प सभा के दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिकारपुर के कस्बा अहमदगढ़ स्थित निजी फार्म हाउस में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक का शुभारंभ कार्यक्रम मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित दीपक ऋषि, भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय सह कोषाध्यक्ष कुश शर्मा, मंडल अध्यक्ष रवेंद्र मीणा, भाजपा नेता डीके शर्मा ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंडित दीपक ऋषि ने सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर लोगों को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, निशुल्क अन्न वितरण सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उसी क्रम में भाजपा नेता कुश शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों को भाजपा सरकार महत्वकांक्षी की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भाजपा सरकार द्वारा नई सड़कों का निर्माण कराया गया है। जहां सरकार द्वारा किसान के नलकूप की बिजली मुफ्त कराई गई है। जिससे देश के किसानों का विकास हो रहा है। इस मौके पर समाजसेवी मनोज शर्मा, संजय पुरी, परवेद्र देशवाल, अमोलक मीणा, मनोज गर्ग, हैप्पी शर्मा, ओम गिरी, रंजीत सिंह, विमल राघव पवन सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

युवती ने फांसी पर लटक कर की अपनी जीवन लीला समाप्त

शिकारपुर। कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक युवती ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस इसे डिप्रेशन की परिणति मानकर चल रही है। कोतवाली अन्तर्गत कस्बा के एक मौहल्ला निवासी 22 वर्षीया युवती अपने कमरे में आराम करने के लिए चली गयी। पिछले कई दिनों से उदास दिख रही युवती अचानक कमरे में चले जाने को लेकर परिजन यही समझ रहे थे कि शायद अस्वस्थता की वजह से वह सोने के लिए गयी है, लेकिन उसने तो कुछ और ही ठान लिया था। युवती ने खुद को कमरे के अन्दर बन्द कर फन्दा बनाकर गले में डाल लिया और लटक कर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब युवती कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने उसे बुलाने के लिए आवाजें लगायीं।

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में सरमथुरा में अटल जन सेवा शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया

धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को सरमथुरा के उपखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित अटल जन सेवा शिविर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में परिवादी ओमप्रकाश ने अवरुद्ध नाले से अतिक्रमण हटवाने का परिवाद दर्ज कराया जिस पर जिला कलेक्टर ने अधिशाषी अधिकारी को परिवाद के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। वहीं परिवादी सिंह द्वारा संपर्क सड़क कुरिगमा में जलभराव के संबंध में दर्ज कराये गये मामले का भी त्वरित निस्तारण हेतु पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। परिवादी रूमाली की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक किश्त बकाया होने के मामले में जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। राजस्थान पेंशनर समाज के परिवादियों की संयुक्त फरियाद पर जिला कलक्टर ने महाकालेश्वर रोड़ सती का चौक से अतिक्रमण हटवाये जाने के मामले में उपखण्ड अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान सार्वजनिक हित के कई परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही कर समाधान हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई करते समय जब जिला कलक्टर को बुजुर्ग दौजी जाटव को कम सुनाई देने का मालूम हुआ तो उन्होंने संवेदनशीलता से मौके पर ही कृत्रिम श्रवण यंत्र मंगवाकर बुजुर्ग को पहनाये, जिसके बाद बुजुर्ग के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी सरमथुरा सुधा रानी मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मल्लू गाजी चौक नामकरण पर विरोध एसडीएम को सौपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

सिकंदराबाद में बृहस्पतिवार को हिंदु जागरण मंच, एबीवीपी संगठन व बजरंग दल के कई पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे और एसडीएम संतोष जगराम को ज्ञापन देते हुए बताया कि नगर के भाटियावाड़ा मोहल्ला में एक दबंग प्रवृति के व्यक्ति ने अपने पिता (मल्लू गाजी) के नाम से एक पत्थर सार्वजनिक स्थान पर लगाया है। मल्लू गाजी किसी प्रकार से न तो कोई स्वतन्त्रा सेनानी थे, और ना ही किसी सेना में थे। जबकि ना ही वह किसी भी प्रकार से महापुरुष थे। जिसके कारण नगर क्षेत्र में सामाजिक विद्वेष निरन्तर बढता जा रहा है। इससे नगर की अखंडता, संप्रभुता, सामाजिक, समरसता और सदभाव प्रभावित हो रहे है। आगे बताया कि गाजी शब्द अपने आप में एक साप्रदायिक शब्द है। जिसका उल्लेख इतिहास, पुस्तकों व गूगल आदि में मिलता है। उक्त नामकरण से साप्रदायिकता बढ़ रही है और यह जिहादी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। मल्लू गाजी चौक नाम के लिखे पत्थर और निर्माण को तत्काल हटवाया जाय। निर्माणकताओं के विरुद्ध भी कानूनी की जाय। भविष्य में शासन प्रशासन की अनुमति के बिना कोई निर्माण या सार्वजनित स्थल का नामाकरण नहीं किया जाये। मौके पर रविंद्र शर्मा, ललित शर्मा, नवीन शर्मा, अंकित परमार, गौतम देव, नितेश शर्मा, अमित निर्वान, मोहन सैनी, सुमित सैनी, रविंद्र यादव, प्रदीप बेसोया, हर्ष यादव, धर्मेंद्र शर्मा, रितेश कुमार, ऋषभ शर्मा, कर्मवीर भाटी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरित गौशाला अभियान का हुआ आगाज

वेलकम इंडिया

बाड़मेर, राजस्थान। थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से बुधवार को बाड़मेर की सबसे प्राचीन गौशाला श्री सुमेर गौशाला के द्वितीय परिसर में सुमेर गौशाला अध्यक्ष किशनलाल वडेरा, प्रवीण सेठिया एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में पौधारोपण से हरित गौशाला अभियान का आगाज हुआ। कार्यक्रम में अलग-अलग किस्म के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। हरित गौशाला अभियान से थार की विभिन्न गौशालाओं में विभिन्न किस्म के पौधे लगाएं जायेंगे। संस्थान की ओर से हरित गौशाला अभियान का बुधवार को सुमेर गौशाला के द्वितीय परिसर से श्रीगणेश हुआ। इस दौरान पौधारोपण कर पौधों को सुरक्षित करने का कार्य भी साथ-साथ किया गया। सुमेर गौशाला के अध्यक्ष किशनलाल वडेरा ने कहा कि हरित गौशाला अभियान से थार नगरी, बाड़मेर की सभी गौशलाओं में पौधारोपण के प्रति जागृति आयेगी तथा गौशाला में लगने वाले पौधों को निःसंदेह अच्छा माहौल खाद, पानी आदि उपलब्ध हो सकेंगे। वडेरा ने कहा कि बदलते वातावरण में अधिक से अधिक पौधारोपण ही एकमात्र सहारा है, जो हमें ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण प्रदूषण आदि से बचा सकते है। हरित गौशाला अभियान में थार नगरी, बाड़मेर की विभिन्न गौशालाओं में 50-50 पौधे लगाएं जायेंगे। कार्यक्रम में प्रवीण सेठिया, शेर खान सहित ग्वाले व गौभक्त उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साक्षरता शिविर का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा तहसील मोदीनगर में सुनी गई जन समस्याए। थानो में भी बैठेगें पैनल अधिवक्ता, कुमार मिताक्षर सचिव,अपर जिला जज गाजियाबाद। महिलाओं व छात्राओं का हुआ उत्पीड़न तो पुलिस करेगी प्राथमिकता दर्ज, संजय मुदगल पैनल अधिवक्ता। मोदीनगर- उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला जज आशीष गर्ग अध्यक्ष जनपद न्यायधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के नियंत्रण कुमार मिताक्षर सचिव,अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के आदेश की देखरेख मे तहसील मोदीनगर, में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन संजय मुदगल ने किया तथा शिविर की अध्यक्षता कुमार मिताक्षर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के द्वारा किया गया। जिसमे जनता की समस्याए सुनी गयी और अधिकारीयो को सख्त निर्देश दिये गये कि अगर कोई भी महिला प्रार्थना पत्र देती है तो वह थाने व पिंक बूथ में प्राथमिकता दर्ज होनी चाहिए। पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल द्वारा बताया गया विद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, पारिवारिक लाभ, महिलाओ व छात्राओ के कानूनी अधिकार व जमीन सम्बन्धित समस्याए, व सोशल मिडया की जानकारी दी गयी। उपजिलाधिकारी मोदीनगर निखिल चक्रवती व तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह, वन स्टॉप सेन्टर इन्चार्ज दिपाली, पैनल अधिवक्ता संगीता व पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने बताया की सरकार द्वारा चलायी जा रही अनेको योजनाओं के विषय में महिलाओं के कानूनी अधिकार की जानकारी दी। अगर किसी भी महिलाओ व छात्राओं को कोई भी परेशानी हो तो इसकी शिकायत आप वन स्टॉप सेन्टर यूनिट-2 मोदीनगर व पिंक बूथ मोदीनगर, मुरादनगर, भोजपुर, निवाडी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद कार्यालय मे कर सकते है। विचित्र कुमार असिस्टेंट लीगल एण्ड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महिलाओं किस प्रकार साहयता कर सकती है। महिलाओं व गरीब व्यक्तियों को किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निशूल्क अधिवक्ता मिल सकते है।, दीपाली वन स्टॉप सेन्टर यूनिट-2 इंचार्ज द्वारा बालिकाओं के जन्म संबन्धित महिलाओं छात्राओं की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में नीलम वर्मा (पी0एल0वी0), शैली गोला कैस वर्कर, सुधीर वशिष्ठ अधिवक्ता, रेखा गिरी अधिवक्ता, मृदुल अधिवक्ता, किर्ती सिंह, अमित कुमार, रोहित ठाकुर, सपना, सुजल, राहुल आदि उपस्थित रहें।

प्लेन क्रैश पीड़ितों को मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी ने दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया

वाराणसी- एक दर्दनाक विमान दुर्घटना में 242 लोगों के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए, मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी ने दी श्रद्धांजलि मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी ने इस दुखद घड़ी को एक ₹मुश्किल समय₹ बताया और कहा कि हम सभी को इन परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹उन विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को हमारी हार्दिक श्रद्धांजलि। यह एक दुखद घड़ी है, और इस मुश्किल समय में हम उनके परिवारों के साथ खड़े हैं।₹ इस श्रद्धांजलि सभा में हम आपके साथ हैं. अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ठीक बाहर मेघानी नगर के एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान में आग लग गई। जिससे शहर के ऊपर घने काले धुएं का गुबार छा गया। घटना के वीडियो में विमान को इमारतों के पीछे दुर्घटनाग्रस्त होते और आग का गोला बनते हुए दिखाया गया। लंदन के गैटविक हवाई अड्डे की यात्रा कर रहे अक-171 ने एयर ट्रैफि क कंट्रोल से संपर्क खोने से कुछ क्षण पहले टअऊअ कॉल जारी की थी। अधिकारी अभी भी हताहतों का आकलन कर रहे हैं और कारण की जांच कर रहे हैं। और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जी को विमान हादसे में मृत घोषित कर दिया गया है. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

एहसास महिला समिति द्वारा संचालित 12 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। एहसास महिला समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया गया। बारह दिवसीय इस कैंप का संचालन एहसास संस्था ने गोविन्दपुरी स्थित निष्काम भवन में किया। कैंप में बागपत संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, उपजिलाधिकारी मोदीनगर निखिल चतुवेर्दी सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने समय-समय पर आकर अपनी उपस्तिथि में समर कैंप का अवलोकन किया। कैंप में आकर सैकडो प्रतिभाशाली बच्चों नें समर कैंप में सिखाये गये कदमों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एहसास संस्था नें पटका पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। समर कैंप की वर्किंग देखनें के बाद सासंद राजकुमार सांगवान तथा विधायक मोदीनगर डॉ मंजू शिवाच ने बच्चों को उपहार भेंट करते हुए अपने संबोधन में उन बच्चों को गारंटी देते हुए कहा कि यंहा पर आने वाले बच्चे आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर बनें या चाहे किसी भी मुकाम पर पहुंच जायें लेकिन यह पाठशाला उन्हे सदा याद रहेगी। संस्था की संस्थापक एवं चेयरपर्सन अनुप्रीत कौर के अनुसार यह कैंप बारह दिनों के लिए चलाया गया जिसमें पांच वर्ष से चौदह वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया गया है संस्था की वरिष्ठ सदस्य रूचि विज के अनुसार एहसास संस्था द्वारा आयोजित इस कैंप में योगा, ताईक्वांडो, आर्ट, अबेक्स, जूडो कराटे, पंजाबी कक्षा, नृत्य के साथ अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिता कराई गई। एहसास पदाधिकारियों के अनुसार समर कैंप में प्रथम दिन में ही चच्चों में बेहद ही उत्साह देखनें को मिला। इस कैंप के सफल संचालन में एहसास की वरिष्ठ सदस्या रूचि विज, गुरमीत गुप्ता,रीता बख्शी, साक्षी खुराना, पूजा शर्मा, आंचल खुराना, शुचि अरोड़ा, रिषभ चौहान, तारिका माटा, आदि का विशेष सहयोग रहा।

हाईटेंशन लाइन के नीचे कोई शिविर न लगाएं: नगरायुक्त

वेलकम इंडिया

सहारनपुर। नगरायुक्त शिपू गिरि ने शिविर संचालकों से स्पष्ट कहा है कि किसी भी हाईटेंशन लाइन के नीचे कोई शिविर न लगाए। उन्होंने भैरो मंदिर के निकट रेलवे लाइन क्रास करने का रास्ता भी पूरी तरह से बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए रेलवे और पुलिस विभाग को पत्र लिखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा सुरक्षित और निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए जरुरी है कि हर तरह से सावधानी बरती जाए। नगरायुक्त आज निगम अधिकारियों के साथ अम्बाला रोड स्थित बड़ी नहर से देहरादून रोड स्थित कुम्हार हेड़ा तक कांवड़ रुट (नगर निग सीमा क्षेत्र) का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान कांवड़ यात्रा संघ के अध्यक्ष संजय फुटेला, दिनेश सेठी, रमन कपूर, रविकांत धीमान व राजीव चानना आदि शिविर संचालक भी साथ रहे। शिविर संचालकों के सुझाव पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अम्बाला रोड स्थित बड़ी नहर किनारे शिविर स्थल के निरीक्षण के दौरान शिविर संचालकों ने नगरायुक्त को बताया कि उक्त स्थल पर बड़ा शिविर लगता है, लेकिन वर्षा की स्थिति में वहां काफी जलभराव हो जाता है। नगरायुक्त ने जलभराव के लिए पुख्ता इंतजाम करने तथा साफ सफाई व अस्थायी खडंजा लगाकर शिविर स्थल को ऊंचा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसी मार्ग पर तालाब के निकट एक स्थायी शौचालय निर्माण कराने, डबनी वाला कब्रिस्तान के बाहर बने शौचालय पर निगम शौचालय का ग्लोसाइन बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कुतुबशेर के निकट निमार्णाधीन शौचालय का निर्माण कांवड़ यात्रा से पहले पूरा कराने पर जोर दिया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने घण्टाघर बिजलीघर के निकट तथा देहरादून रोड पर क्लार्क होटल से कुम्हार हेड़ा तक लगने वाले सभी कांवड़ शिविर स्थलों का जायजा लिया। घंटाघर पर नाले की सफाई कराने तथा नाले का अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, अधिशासी अधिकारी वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, जेडएसओ राजीव चौधरी व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वर्णकार समाज ने की रेल यात्रियों की जल सेवा

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। स्वर्णकार समाज मोदीनगर (रजि०) संगठन ने रेलवे स्टेशन, मोदीनगर पर रेल यात्रियों को भीषण गर्मी में शरबत और जल सेवा वितरण करके सभी ने पुनीत कार्य कर धर्म लाभ उठाया।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष मोहित सोनी, संरक्षक ब्रजमोहन वर्मा, परमात्माशरण वर्मा, संयोजक विष्णु वर्मा, संगठन मंत्री डॉ ऋषिपाल वर्मा, तरुण सोनी, मयंक वर्मा, सलेकचंद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

जवाहर लाल मैमोरियल गर्ल्स इण्टर कॉलेज में समर कैम्प का समापन

वेलकम इंडिया

मुरादनगर,(अनिल वशिष्ठ)। आयुध निमार्णी परिसर स्थित जवाहर लाल मैमोरियल गर्ल्स इण्टर कॉलिज में चल रहे समर कैम्प का समापन हो गया। इसमे छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का पहचाना। उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार समर कैम्प का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या रेनू तोमर द्वारा समर कैम्प में स्वयं छात्राओं को बैडमिंटन एवं हॉकी का अध्यास भी कराया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में एक पौध माँ के नाम पर छात्राओं एवं अध्यापिकाओं द्वारा वृक्षा रोपण किया गया। हिन्दी प्रवक्ता बिन्नी रानी द्वारा छात्राओं को हिन्दी के नये शब्दों तथा भाषा का सही ज्ञान सिखाया। गृह विज्ञान प्रवक्ता मंजू सिंह द्वारा छात्राओं को गृह शिल्प के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के सजावटी सामानों का निर्माण करना सिखाया गया। कीडा अध्यापिका सरिता यादव द्वारा छात्राओं को प्रतिदिन योग अभ्यास कराने के साथ-साथ विभिन्न कीडा प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं को प्रतिस्पर्दा हेतु तैयार किया। अध्यापिका रंगोली द्वारा चित्रकला में छात्राओं को निपुण किया, अध्यापिका निशा द्वारा कुकिंग क्लास का आयोजन किया। अध्यापिका शिवानी द्वारा कम्प्यूटर कक्षाओं का आयोजन भी किया गया। संस्था की अन्य अध्यापिकाओं द्वारा भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्था में उम्मीद फाउंडेशन द्वारा छात्राओं को शीतल जल प्रदान करने के उद्देश्य से एक वाटर कूलर, आर.ओ. स्मार्ट बोर्ड आदि दान स्वरूप भेट किये। छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति एवं राष्ट्रगान के साथ समर कैम्प का समापन किया गया।

लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाद मोदीनगर के लिए ऐतिहासिक होगी आईफा आर्ट गैलरी-डा. अरुण त्यागी

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। आईफा आर्ट गैलरी के चौथे दिन मोदीनगर और आसपास के सभी स्कूल के प्रधानाचार्यो द्वारा बेहद खूबसूरत आर्ट गैलरी का शिक्षकों व विद्यार्थियों सहित भ्रमण किया गया छाया पब्लिक स्कूल के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ.अरुण त्यागी ने कहां मोदी गैलाड़ के ऐतिहासिक परिसर में सेठ सतीश मोदी जी द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की आर्ट गैलरी की सौगात देकर मोदीनगर को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई है और मोदीनगर की जनता के प्रति अपना स्नेह, अपार प्यार दशार्या है जिसका मोदीनगर की जनता सदैव आभारी रहेगी प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा निर्मित एवं प्रदर्शित पेंटिंग आसपास के प्रदेशों से आ रहे दर्शकों को बेहद प्रभावित कर रही हैं और दर्शक उनकी पेंटिंगों को काफी अच्छी कीमतों में खरीद रहे हैं जो कि इस गैलरी की लोकप्रियता को दशार्ता है आईफा के मैनेजर डॉक्टर संघर्ष शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ दिन रात एक करके आज आईफा गैलरी को शिखर पर पहुंचने में कामयाब हुए हैं मैं मोदीनगर व आसपास की जनता से अनुरोध करता हूं कि वह अपने बच्चों को जरूर इस आर्ट गैलरी में बच्चों द्वारा निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यों को अवश्य दिखाएं जो उनके मानस पटल पर निश्चित रूप से अपनी एक अमिट छाप छोड़ेंगे और उनको अच्छा करने के लिए बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगे इस अवसर पर मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा वह प्रशासनिक अधिकारी भोतेंद्र कुमार द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया सभी प्रधानाचार्ययों ने आर्ट गैलरी के उज्जवल भविष्य की कामना की और विशेष रूप से सतीश मोदी जी व आभा मोदी जी की शहर को दी गई।

डीएसपी गोपाल सिंह का साथी खिलाड़ियों ने किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

अलीगढ़/अतरौली प्लेयर चॉइस क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचे मुख्य अतिथि डी एस पी गोपाल सिंह का स्वागत पुष्प वर्षा फूलमाला पटका पहनाकर पूर्व साथी खिलाड़ियों एवं युवा खिलाड़ियों ने भव्य स्वागत किया पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अतरौली क्रिकेट क्लब की ओर से खेलने वाले डी एस पी गोपाल सिंह क्षेत्र के गांव ग्वालरा के मूल निवासी हैं वर्तमान में जनपद गाजियाबाद में तैनात हैं श्री सिंह ने पुरानी यादें साथी खिलाड़ियों के साथ ताजा करते हुए युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि खेल में कोई बाईपास शॉर्टकट की कोई कोई जगह नहीं है जो खिलाड़ी जुनून के साथ अधिक परिश्रम कड़ी मेहनत के सहारे आगे बढ़ते हैं वह आगे चलकर प्रदेश का देश का नाम रोशन करते हैं हमारे समय में इतनी सुविधा खिलाड़ियों को नहीं मिलती थी जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का एक प्रमुख आधार इच्छा शक्ति है चाहे वह खेल का मैदान हो या परीक्षा की तैयारी हो या जीवन का कोई विषम दूर जीवन के हर मोड़ पर इच्छा शक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है सफलता अधिक प्रयास करने से ही प्राप्त होती है श्री सिंह ने घोषणा की एक बड़े टूनामेंट अपने भाई क्रिकेटर स्वर्गीय भानु प्रताप क्रिकेट मेमोरियल कप का आयोजन युवा खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा सरकार भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए नौकरियों में वरीयता दे रही है सभी पुलिस फोर्स में खिलाड़ियों की अलग भर्ती होती है इस अवसर पर पूर्व खिलाड़ी कोच रिजवान खान खुर्शीद आलम मोहसिन खान राकेश गौतम मोहसिन खाने दीपू सक्सेना अरुण राज डॉ इकबाल वरुण चौधरी आदि ने स्वागत किया

जीडीए की पहल पोर्टल की सुविधा पर यूजर बोले थैंक्यू वीसी साहब

वेलकम इंडिया



इंद्रेश शर्मा , गाजियाबाद। जीडीए वीसी की सोच दूरदर्शी है जिसका उदाहरण इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने प्राधिकरण में आने वाली जनता की परेशानी को समझा और पहल पोर्टल वेबसाइट को तैयार करवाया गया। इस पहल पोर्टल की सुविधा को देखकर एक यूजर ने कहा थैंक्यू वीसी साहब। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण के द्वारा हाल में लांच किए पहल पोर्टल से प्राधिकरण की खासकर व्यवसायिक अनुभाग की उन तमाम संपत्तियों से जुडी फाइलों को अपलोड करने की प्रक्रिया की एक बैठक के माध्यम से समीक्षा की,जिनमें आवंटियों पर किश्तों के तौर पर राशि बकाया है। इस दौरान सामने लाया गया कि फाइलों को अपलोड करने की प्रक्रिया के आरंभ में व्यवसायिक अनुभाग की लगभग 1500 फाइलों को अपलोड करने का लक्ष्य दिया गया था, मौजूदा समय में 1365 फाइलें पेडिंग है। जीडीए उपाध्यक्ष ने फाइलों को अपलोड करने की धीमी गति को लेकर नाराजगी जतायी। अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया कि व्यवसायिक विभाग से जुडी फाइलों को पहल पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। वह खुद नियमित तौर पर इसकी समीक्षा करेंगे। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

पहल पोर्टल से व्यवसायिक संपत्तियो को जोडने के काम में लायी जाए तेजी:अतुल वत्स

धीमी प्रक्रिया को लेकर अधीनस्थ स्टाफ की लगायी क्लास दिए आदेश लक्ष्य के साथ किया जाए कार्य पूरा

डॉ ए. पी. जे अब्दुल कलाम की प्रतिमा की स्थापना कराएं जाने की मांग

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने आयुध निमार्णी द्वार पर भारत रत्न डॉ ए. पी. जे अब्दुल कलाम की प्रतिमा स्थापना कराएं जाने के सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद मुरादनगर अधिशासी अधिकारी डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह और चेयरमैंन मुरादनगर को ज्ञापन सौपा एवं पटका पहनाकर और संघ का स्मृति चिन्ह भेंट किया, मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने कहा की डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम सिर्फ देश के राष्ट्रपति ही नहीं बल्कि महान वैज्ञानिक और उच्च शिक्षाविद भी रहे है, उन्होंने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर और देश को बेलस्टिक मिसाइल से सुसज्जित कर सशक्त बनाने का कार्य किया है, जिसका प्रदर्शन विश्वजगत ने पाकिस्तान में किए ऑपरेशन सिन्दूर में देखा है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दी सफलता की प्रेरणा

10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का भव्य सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। विकास भवन दुर्गावती देवी सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा रहे। इस सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य स्तर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसके उपरांत गाजियाबाद जनपद के विद्यार्थियों को मंत्री श्री सुनील शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया। मंत्री सुनील शर्मा ने छात्रों से कहा कि वे सदैव अपने कर्म पर विश्वास रखें और परिणाम की चिंता किए बिना प्रयास करते रहें। उन्होंने यह भी कहा कि सफलता का श्रेय केवल स्वयं को न देकर अपने गुरु, माता-पिता, सामाजिक परिवेश और राजनीतिक इच्छाशक्ति को भी मान्यता दें। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने विद्यार्थियों को नैतिकता और संस्कृति के महत्व का स्मरण कराते हुए कहा कि सच्ची सफलता तभी मिलती है जब व्यक्ति अपने राष्ट्र की संस्कृति, भाषा और नैतिक मूल्यों का आदर करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने निरंतर परिश्रम को सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया। समारोह में जिलाधिकारी दीपक मीणा, प्रशिक्षु आईएएस अयान जैन, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित शिक्षा और प्रशासनिक जगत के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों को न केवल सम्मानित किया, बल्कि उन्हें जीवन के उच्च आदर्शों की ओर प्रेरित भी किया।

कैलाश मानसरोवर यात्रा, 15 जून को पहले जत्थे को मिलेगी हरी झंडी

वेलकम इंडिया

लखनऊ, गाजियाबाद। कोरोना महामारी के कारण पांच वर्षों तक स्थगित रही पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर जून 2025 से श्रद्धालुओं के लिए प्रारंभ हो रही है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 15 जून को तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा गाजियाबाद जनपद के इंदिरापुरम में कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का निर्माण किया गया है, जो यात्रियों के लिए एक समग्र सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इस भवन का संचालन उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) मार्गों से कराई जाएगी, जिसमें कुल 15 जत्थे यात्रा करेंगे। प्रत्येक जत्थे में 50 तीर्थयात्री शामिल होंगे। यात्रा का समापन 25 अगस्त 2025 को होगा। गाजियाबाद स्थित यह यात्रा भवन पूर्णतः वातानुकूलित है और एक साथ 288 तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराता है। भवन के भू-तल पर सात्विक भोजन परोसने वाला विशेष भोजनालय, योग प्रशिक्षकों द्वारा संचालित योग कक्षाएं, तथा भजन संध्या जैसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम यात्रियों के अनुभव को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। यात्रियों की स्वास्थ्य जांच, आध्यात्मिक साहित्य, ट्रैवल डेस्क, पर्यटन ब्रोशर किट, और भारतीय पारंपरिक स्वागत जैसी व्यवस्थाएं इस यात्रा को विशेष बनाती हैं। सुरक्षा एवं सुविधा के लिए ढ्ढ्ढक्कक्क स्टाफ, जिला प्रशासन और पर्यटन निगम के अधिकारी लगातार सेवाओं में संलग्न रहेंगे। यूपीएसटीडीसी की ओर से अनुमान है कि 11 जून से 25 अगस्त तक यात्रा भवन में लगभग 800 तीर्थयात्रियों और स्टाफ का आवागमन रहेगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धि का अद्वितीय अवसर भी प्रदान करती है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में हुआ बीएलएस प्रशिक्षण का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने जिले के सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर एक अनूठी पहल की। इस प्रशिक्षण में शहर के 35 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया, जहां उन्हें सीपीआर, फर्स्ट ऐड और अन्य जीवन रक्षक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए सक्षम बनाना था। इस प्रशिक्षण का संचालन मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया, जिसमें वरिष्ठ कंसलटेंट डॉ. धीरज भास्करन नायर और डॉ. पल्लवी प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इस अवसर पर डॉ. धीरज ने कहा कि पत्रकार अक्सर घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचते हैं, ऐसे में अगर वे प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान रखते हैं, तो कई बार जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, इमरजेंसी विभाग की विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि बीएलएस प्रशिक्षण सिर्फ स्वास्थ्यकर्मियों के लिए नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए आवश्यक है। मीडिया प्रतिनिधि समाज की आंख और कान होते हैं, और जब वे आपातकाल में प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे, तो यह पूरे समुदाय के लिए एक सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। ष्टक्कक्र और फर्स्ट ऐड जैसी तकनीकें जानना अब केवल ऑप्शनल नहीं, आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। पत्रकारों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और व्यावहारिक बताया। उन्होंने कहा कि यह न केवल उनके कार्य क्षेत्र में बल्कि दैनिक जीवन में भी उपयोगी सिद्ध होगा। मैक्स हॉस्पिटल की इस पहल से यह स्पष्ट है कि संस्थान केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में भी अग्रसर है।

4 डिग्री तापमान के बीच ट्रिपिंग और बिजली कटौती ने बढ़ाई जनता की परेशानी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और बिजली विभाग की लचर व्यवस्था ने मिलकर आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। तापमान दिन में 44 डिग्री और रात में 28 डिग्री तक पहुंच रहा है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऊपर से बिजली की बार-बार ट्रिपिंग और अनियमित आपूर्ति ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। दिनभर में छह से आठ बार बिजली गुल हो रही है, जिससे लोग न तो दिन में राहत पा रहे हैं और न ही रात को चैन की नींद ले पा रहे हैं। ट्रिपिंग के दौरान बिजली 10 से 30 मिनट तक गुल रहती है, और अक्सर इसके तुरंत बाद फिर से कटौती हो जाती है। इसके साथ ही लो वोल्टेज की समस्या भी आम हो गई है, जिससे घरों के एसी, कूलर और अन्य उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं।

जिले में फिलहाल 1800 मेगावॉट की बिजली आपूर्ति हो रही है, लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते डिमांड में तेजी से इजाफा हुआ है। विभागीय अधिकारी भले ही दावा कर रहे हों कि बिजली की आपूर्ति पर्याप्त है, लेकिन जमीनी हालात उनकी बातों से मेल नहीं खाते।

कोविड मामलों में फिर दिखी बढ़त, 7 नए मामले, कुल संक्रमितों की संख्या 70 पहुंची

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। जनपद में कोविड-19 संक्रमण एक बार फिर पांव पसारने लगा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को जिले में कोरोना संक्रमण के 7 नए मामले सामने आए हैं, जिससे कुल संक्रमितों की संख्या 70 हो गई है। फिलहाल 18 मरीज सक्रिय हैं, जिनमें 17 होम आइसोलेशन में हैं और एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। नए संक्रमितों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी शामिल हैं। वसुंधरा से दो नए मरीजों की पुष्टि हुई है, जिनमें एक 59 वर्षीय पुरुष को पिछले तीन दिनों से खांसी, बुखार और जुकाम की शिकायत है, जबकि 65 वर्षीय महिला भी सर्दी-जुकाम से पीड़ित हैं। दोनों घर पर ही उपचाररत हैं। गोविंदपुरम निवासी 49 वर्षीय पुरुष को बीते पांच दिनों से कमजोरी और सिरदर्द की समस्या है, जबकि विवेकानंद नगर के 40 वर्षीय पुरुष को दो दिन से खांसी और सर्दी-जुकाम है। इन दोनों को भी निगरानी में होम आइसोलेशन में रखा गया है। कौशांबी की 44 वर्षीय महिला और वैशाली निवासी 55 वर्षीय महिला को बुखार और कमजोरी के लक्षणों के चलते कोविड पॉजिटिव पाया गया है। वहीं, साहिबाबाद निवासी 44 वर्षीय महिला को पिछले छह दिनों से बुखार, खांसी और जुकाम की शिकायत है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों की निगरानी शुरू कर दी है और उनके संपर्क में आए लोगों को पहचान कर परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। हालांकि फिलहाल किसी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है, एक मरीज को एहतियातन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी प्रकार के कोविड लक्षण महसूस हों तो तत्काल जांच कराएं और संक्रमित पाए जाने पर आइसोलेशन का सख्ती से पालन करें। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, हाथों की नियमित सफाई और भीड़-भाड़ से बचने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार क्षेत्रों में सर्वे और मॉनिटरिंग कर रही हैं ताकि संक्रमण को नियंत्रित किया जा सके। प्रशासन आने वाले दिनों में टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने और कोविड प्रोटोकॉल के पालन को लेकर सख्ती की तैयारी कर रहा है।

महिला को गोली मारने वाले दो हमलावर गिरफ्तार

गाजियाबाद। लोनी थाना क्षेत्र में गोलीकांड की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने तेजी से खुलासा कर दिया है। विकासनगर गिरी मार्किट निवासी महिला बोबी उर्फ बबीता को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो हमलावरों - सलीम और शाहबाज, दोनों निवासी मुस्तफाबाद दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के समय दोनों के पास से दो पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह पूरी घटना बाइक की बिक्री से जुड़े पैसों के विवाद का परिणाम थी। आरोपी सलीम और शाहबाज, तीसरे व्यक्ति नसीम से पैसों की लेनदेन को लेकर भिड ? के लिए लोनी के ईदगाह के पास आए थे। बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ा कि सलीम और शाहबाज ने नसीम पर गोली चला दी। हालांकि गोली नसीम को नहीं लगी, लेकिन वहीं मौजूद महिला बोबी उर्फ बबीता गोली का शिकार हो गई। घायल महिला को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना के बाद एसओ मुकेश सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली से लौट रहे युवक की कार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

गाजियाबाद। मसूरी क्षेत्र अंतर्गत एनएच–9 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में हापुड़ निवासी युवक अनवर उर्फ शाजेब गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक दिल्ली से मसूरी की ओर अपनी सैंट्रो कार से लौट रहा था, तभी हाइटेक कॉलेज के सामने पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अनवर को गंभीर चोटें आईं, जिसे राहगीरों की मदद से पुलिस ने तत्काल मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है। घायल युवक के भाई चांद मोहम्मद पुत्र रियाज अहमद निवासी गांव वैठ, सिंभावली (हापुड़) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई अनवर (24) दिल्ली में इंटीरियर डेकोरेशन का कार्य करता है और मंगलवार दोपहर वह काम से लौट रहा था। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने जानकारी दी कि घायल के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी वाहन की शिनाख्त कर जल्द गिरफ्तारी की बात कही गई है। पुलिस की तत्परता और सीसीटीवी जांच के आधार पर उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही आरोपी चालक को पकड़ लिया जाएगा।

ब्रिज विहार में सीसी रोड और पंप रिबोर कार्यों का हुआ भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। ब्रिज विहार वार्ड 68 के निवासियों के लिए गुरुवार का दिन खुशियों से भरा रहा जब क्षेत्रीय पार्षद विनय चौधरी ने दो बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का भव्य उद्घाटन किया। इनमें सी ब्लॉक रेलवे फाटक से नरेंद्र रावत के मकान नंबर सी-380 तक बनी नई सीसी रोड और बी ब्लॉक डबल स्टोरी स्थित दिनेश राशन वाले पार्क में 10 एचपी पंप रिबोर कार्य शामिल हैं। इन विकास कार्यों से जहां स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, वहीं जलापूर्ति की व्यवस्था भी अब पहले से अधिक सुधृढ़ और नियमित होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों व भाजपा नेताओं की उपस्थिति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस मौके पर पार्षद विनय चौधरी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि विकास की कोई भी गली अछूती न रहे। क्षेत्र की हर समस्या का स्थायी समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। यह सीसी रोड और पंप रिबोर कार्य केवल शुरूआत हैं, आने वाले समय में और भी योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। हम जनता के विश्वास को मजबूत करना चाहते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह, यदाराम चौधरी, अशोक पांडेय, सुशील सिंह, सूमा सिंह, विभूति यादव, दीप्ति, सरोज तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय भाजपा गाजियाबाद के सह मीडिया प्रभारी अशोक पांडेय ने किया। स्थानीय नागरिकों ने पार्षद विनय चौधरी और भाजपा नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

सिपाही सौरभ देशवाल हत्याकांड का वांछित आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

गाजियाबाद। नोएडा पुलिस के आरक्षी सौरभ देशवाल की हत्या में वांछित चल रहे एक और आरोपी को गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ लिया है। साजिद, निवासी नाहल मसूरी डासना, को वेव सिटी थाना प्रभारी सर्वेश पाल सिंह और इंस्पेक्टर अनिल सिंह राजपूत की संयुक्त टीम ने जवाबी कार्रवाई में गोली मारकर घायल कर दिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि साजिद मसूरी डासना की ओर से बाइक पर आ रहा है।

50 घंटे में पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में बंथला नहर मार्ग पर 10 जून को सूटकेस में मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए न केवल मृतका की शिनाख्त कर ली, बल्कि इस सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी को मात्र 50 घंटे के भीतर सुलझा भी लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका का नाम कविता था, जो मूलतः शामली के झिंझाना की रहने वाली थी और हाल ही में दिल्ली के करावल नगर इलाके में रह रही थी। कविता की हत्या 9 जून को घरेलू कारणों के चलते उसके ससुर हरवीर सिंह, देवर सुमित और एक अन्य सहयोगी गुड्डू द्वारा की गई थी। हत्या के बाद, तीनों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे सूटकेस में बंद किया और उसे बेहटा हाजीपुर के पास बंथला नहर मार्ग पर फेंक दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में लोनी बॉर्डर थाने के एसएचओ हरेंद्र सिंह मलिक ने विशेष टीम का गठन किया और खुद इस केस की निगरानी की। टीम ने दिल्ली और गाजियाबाद के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, वैज्ञानिक साक्ष्य, और भौतिक तकनीकियों की मदद से सुरागों को जोड़ा और अंततः हत्यारों तक पहुंचने में सफलता पाई। इस तेज-तर्रार जांच और सफल अनावरण को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने एसएचओ हरेंद्र सिंह मलिक और उनकी टीम की प्रशंसा की है। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की मुस्तैदी को सराहा है। यह केस न केवल एक निर्मम हत्या की सच्चाई सामने लाने वाला रहा, बल्कि यह भी दिखाता है कि तकनीक, समर्पण और टीमवर्क के दम पर पुलिस ब्लाइंड मर्डर जैसे जटिल मामलों को भी सुलझाने में सक्षम है। अब पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई और चार्जशीट दाखिल करने की दिशा में काम कर रही है।

फिटजी कोचिंग सेंटर संचालकों पर 89 हजार की ठगी का आरोप, पीड़ित ने दर्ज कराई एफआईआर

गाजियाबाद। शहर के चर्चित कोचिंग संस्थानों में से एक फिटजी कोचिंग सेंटर एक बार फिर विवादों में घिर गया है। शास्त्रीनगर निवासी भूपेन्द्र सिंह ने कविनगर थाने में एक एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने कोचिंग सेंटर संचालकों पर 89 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे गौरव सिंह का दाखिला बीते वर्ष नवंबर में आरडीसी स्थित फिटजी सेंटर में कराया था। इसके लिए 12 नवंबर को सेंटर के खाते में 89 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए थे। लेकिन कुछ ही समय बाद कोचिंग सेंटर बिना किसी सूचना के बंद हो गया, और अब तक ना तो सेंटर दोबारा खुला और ना ही फीस लौटाई गई। भूपेन्द्र सिंह का कहना है कि उन्होंने कई बार सेंटर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अब उन्होंने कानूनी रास्ता अपनाते हुए मामले की शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए जांच कर रही है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है। अभिभावक वर्ग इस प्रकार की घटनाओं से चिंतित है और ऐसे संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

दोपहिया वाहन चोरी गैंग का पदार्फाश, सरगना समेत पांच गिरफ्तार

गाजियाबाद। दिल्ली–एनसीआर में सक्रिय दोपहिया वाहन चोर गैंग का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए गैंग के सरगना समेत पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि पकड़े गए आरोपियों में से एक आरोपी सागर शर्मा, छिजारसी सेक्टर–63 की गली नंबर दो का निवासी है और वर्तमान में बीकॉम का छात्र है। पकड़े गए अन्य आरोपियों में रोहित, आशु, आकाश उर्फ कल्लू और नीरज शामिल हैं, जो सभी 12वीं पास हैं। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के मुख्य सरगना रोहित और आशु थे। आशु ने ही अपने मौसेरे भाई नीरज को गैंग में शामिल किया था। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर कनावनी स्थित बंद नाले की झाडि ?ों से 10 बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। यह सभी वाहन चोरी किए गए थे और इन्हें ठिकाने लगाने की फिराक में आरोपी थे। गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 12 जून को पूरे मामले का खुलासा किया गया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों और चोरी की घटनाओं की कडि ?ों को जोड ? में जुटी है। इस मामले ने साफ कर दिया है कि अब अपराधी केवल पेशेवर नहीं, बल्कि पढ़ाई कर रहे युवा भी लालच या संगत के कारण अपराध के रास्ते पर उतर रहे हैं।